# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 69 ▸ अंक 117 ▸ पृष्ठ 12+8= 20

भोपाल, शनिवार 24 जनवरी, 2026

माघ शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082

महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए

आज के अंक के साथ **सत्यकथा** (ऐच्छिक)




## शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी राजस्थान-उप्र में बारिश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उप्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है।

# हिंसा: उज्जैन के तराना में बस फूंकी दुकान जलाई, दोनों पक्षों में पथराव

### सीसीटीवी में पथराव करते दिखे युवक, हालात बिगड़ते देख मैदान पर उतरे एसपी

**जागरण, तराना।** उज्जैन के तराना में गुरुवार रात शुरू हुआ विवाद शुक्रवार दोपहर बाद हिंसा में बदल गया। हालात उस समय बेकाबू हो गए, जब एक दुकान में आग लग गई और एक बस को फूंक दिया गया। आगजनी के बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। हालात बिगड़ने पर एसपी प्रदीप शर्मा को तराना पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा।

गुरुवार रात्रि में शुक्ला गली निवासी सोहन ठाकुर पर प्राणघातक हमला करने वाले ईशान मिर्जा, सपन मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा नावेद व अन्य में से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को थाने पर हनुमान चालीसा पाठ कर पुलिस से आरोपियों का जुलूस निकालने एवं घर तोड़ने की मांग की। आक्रोशित लोगों को समझाइस देने अपर कलेक्टर, एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर,एसडीएम बृजेश सक्सेना, तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर लोग थाने से हटे।

महेश मार्केट क्षेत्र में स्थित एक भंगार की दुकान में आग लगने पर मौके पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। भंगार खरीदने वाले आजाद खान ने बताया कि यह आग तारों में साट सर्किट से लगी थी, लेकिन सीसीटीवी में तकिया गली में स्थित मस्जिद में जुम्मे की नमाज के बाद मुस्लिमों ने नई बाखल स्थित हिंदू घरों में शीशे एवं वाहनों में तोड़फोड़ कर पथराव करते दिख रहे हैं। इसमें एक युवक और महिला को चोट आई।

गौरतलब है कि तराना में गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया था। उपद्रवियों ने बस स्टैंड पर खड़ी 11 बसों में तोड़फोड़ की तो पुलिस ने धारा 144 लागू कर दी। विवाद की शुरुआत बड़े राम मंदिर के सामने स्थित सुखला गली में हुई थी। यहां विहिप के नगर मंत्री सोहेल ठाकुर खड़े थे। इसी दौरान ईशान मिर्जा सहित कुछ लोग वहां आए। कहने लगे कि यहां क्यों खड़े हो?



## इधर, भोजशाला में एक साथ पूजा-नमाज

**जागरण, धार।** शहर की ऐतिहासिक भोजशाला के इतिहास में पहली बार शुक्रवार को वसंत पंचमी पर शांतिपूर्वक पूजा और नमाज हुई है। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच सूर्योदय से शुरू हुई मां वाग्देवी के पूजा सूर्यास्त तक चली। समापन पर यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार पहले से तय व्यवस्था अनुसार भोजशाला परिसर में मुस्लिम समाज ने नमाज अदा की। शाम को शांति पूर्ण कार्यक्रम होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। वहीं हिंदू समाज में भी उत्साह दिखा। भोज उत्सव समिति और सकल हिंदू समाज ने मां वाग्देवी का तेल चित्र गर्भगृह में विराजित कर पूजन किया। हालांकि,भीड़ बढ़ने पर तीन गेट बनाए गए, जिनमें जांच के बाद मुख्य गेट पर प्रवेश दिया जा रहा था। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेताओं ने भी पहुंचे।

- चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था के बीच दिनभर हुई पूजा
- दोपहर में तय समय पर करवाई गई नमाज

**ड्रोन से होती रही सर्चिंग:** पूरे आयोजन की सुरक्षा को लेकर पूरे वक्त पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। आईजी अनुराग सिंह और कमिश्नर सुदाम खांडे के साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और एसपी मयंक अवस्थी पूरे समय बारीकी से नजर बनाए हुए थे। भोजशाला समेत पूरे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने ड्रोन से सर्चिंग की, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।



### धार में बने भव्य मंदिर: आलोक कुमार


आलोक कुमार ने कहा कि भोजशाला में 992 साल पहले मंदिर बना था। वर्ष 2034 में जब इसके एक हजार साल पूरे होंगे तब इसका निर्माण भी राम मंदिर की तर्ज पर होना चाहिए। यहां मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि मथुरा काशी और धार में भव्य मंदिर बने। देश के केंद्र में स्थित धार को ज्ञान का केंद्र बनाना है। सभी ये संकल्प लें। विहिप प्रमुख ने कहा कि मुगलकाल में इस मंदिर को तोड़ा गया। हिंदुओं को अपमानित किया गया।

### ईमेल से समन भेजने की तैयारी, अमेरिका शेयर बाजार रेगुलेटरी ने कोर्ट से मांगी अनुमति

# अडानी को समन की खबर से 14% तक टूटे शेयर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच अडानी के शेयरों में हैवी गिरावट देखी गई। अमेरिका से आई एक खबर के बाद अडानी ग्रुप के शेयर भरभराकर टूट गए। अडानी पोर्ट से लेकर पावर तक के स्टॉक में 13 फीसदी तक की गिरावट आई, जिससे अडानी ग्रुप के निवेशकों को नुकसान हुआ।

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लि. के शेयर 12 प्रतिशत गिरकर 812 रुपए, अडानी पावर के शेयर 5.65 प्रतिशत गिरकर 132.65 रुपए, अडानी एंटरप्राइजेज लि. के शेयर 10.65 प्रतिशत गिरकर 1864 रुपए और अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लि. के शेयर भी 7 प्रतिशत गिरकर 1,308 रुपए पर आ गए. अडानी ग्रीन के शेयरों में 14.54 फीसदी की गिरावट आई और यह 772.80 पर बंद हुआ।




**अचानक क्यों आई बड़ी गिरावट?** अडानी और समूह के कार्यकारी सागर अडानी को कथित धोखाधड़ी और 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना के संबंध में व्यक्तिगत रूप से ईमेल द्वारा समन भेजने के लिए अमेरिकी अदालत से अनुमति मांगी गई है, जिस कारण निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। ऐसे में अडानी एंटरप्राइजेज लि., अडानी पावर लि., अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड और अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में शुक्रवार के कारोबार में 14 प्रतिशत तक की गिरावट आई। रिपोर्ट में कहा, भारत ने पहले समन तामील करने के दो अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया। अमेरिकी आयोग पिछले साल से अडानी ग्रुप के गौतम अडानी और भतीजे सागर अडानी को समन तामील कराने की कोशिश कर रहा है। यह मामला किसी भारतीय समूह से जुड़ा अमेरिका का सर्वाधिक चर्चित कानूनी मामला बताया जा रहा है। नवंबर 2024 में अडानी ग्रीन एनर्जी ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा था कि उसके डायरेक्टर्स पर आपराधिक अभियोग में तीन आरोप लगाए गए हैं,जिनमें कथित इक्विटी फ्रॉड साजिश, कथित वायर धोखाधड़ी साजिश और कथित इक्विटी धोखाधड़ी शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### टीम इंडिया ने घरेलू मैदान पर जीता 100वां टी-20

**रायपुर, जेएनएन।** भारत ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 28 गेंद शेष रहते 7 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने 76, कप्तान सूर्यकुमार ने नाबाद 82 रन की पारी खेली। यह मैच घरेलू मैदान पर भारत का 100वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय था। भारत ने 6वीं बार टी-20 में 200+ लक्ष्य हासिल किया, जो ऑस्ट्रेलिया (7 बार) के बाद दूसरा सबसे अधिक है।



(विस्तृत खबर पेज-10 पर)

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश: पहले से थी विमान में खराबी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी। अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था।

### महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल मनी लॉन्ड्रिंग केस में बरी

**मुबई, जेएनएन।** मुंबई की विशेष अदालत ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता (अजित गुट) छगन भुजबल को आरोपों से मुक्त कर दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के मामले में पहले ही राहत मिलने के बाद भी ईडी का केस उनके खिलाफ चल रहा था। भुजबल ने इस मामले में डिस्चार्ज की अर्जी दाखिल की थी, जिसका ईडी ने विरोध किया था, लेकिन अदालत ने आज यह अर्जी मंजूर कर ली। अदालत ने आदेश में कहा कि छगन भुजबल कथित रिश्वत देने वाले, रिश्वत लेने वाले दोनों ही एसीबी मामले में पहले ही बरी हो चुके हैं, इसलिए पीएमएलए के तहत दर्ज मामले में भी आरोपों को डिस्चार्ज किया जाता है।

# पीएम ने कश्मीर से 370 का कलंक मिटाया: सीएम

### जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नड्डा के साथ कार्यक्रमों में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** दावोस प्रवास से लौटे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जबलपुर में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर याद किया। यहां सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का कलंक मिटा और आज जम्मू-कश्मीर भारत का मोर मुकुट बन रहा है।

जबलपुर में सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोशिएशन शताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि एसोसिएशन ने बंगाली समाज और जबलपुर की ■ शेष पृष्ठ 9 पर



**शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण:** मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने सिद्धी बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समापन समारोह पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सिटी बंगाली क्लब में शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह अन्य अतिथि भी मौजूद रहे।

### बंगाल में बंगाली सुरक्षित नहीं: नड्डा

इस मौके पर केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, देश की आजादी में बंगाल की अहम भूमिका रही है, लेकिन आज वहां की स्थिति पूरी तरह से बदली हुई है। मप्र में बंगाली समाज ज्यादा सुरक्षित है, लेकिन देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में बंगाली समाज आज मुसीबत में हैं। अब बंगाल के साथ खड़े होने की जरूरत है। आने वाला अप्रैल बंगाल में बदलाव की मांग रहा है। इसके लिए आप सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संसद में विशेष चर्चा करवाई। राष्ट्रगान जन गण मन को भी पूर्ण सम्मान दिया जा रहा है। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई है।

## मासूम का रेप कर हत्या करने वाले निहाले की मौत की सजा बरकरार

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के शाहजहांनाबाद इलाके में पांच साल की मासूम बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और जघन्य हत्या के मामले में आरोपी अतुल निहाले को दी गई तिहरे मृत्युदंड की सजा हाईकोर्ट जबलपुर ने बरकरार रखी है। आरोपी के परिजनों ने भोपाल के स्पेशल कोर्ट पॉक्सो द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी। उच्च न्यायालय ने इस अपील पर सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट भोपाल के फैसले को सही ठहराते हुए इसे रेयरेस्ट ऑफ द रेयर (दुर्लभ में दुर्लभतम) श्रेणी का अपराध माना। यह मध्य प्रदेश में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मिले तिहरे मृत्युदंड को बरकरार रखने का भी पहला मामला है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल और राजकुमार चौबे की युगलपीठ ने अपील खारिज करते हुए आदेश में लिखा कि यह कृत्य बेहद निर्मम और बर्बरता भरा है और ऐसा घिनौने अपराध करने वाले को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती। 24 सितंबर 2024 को भोपाल के शाहजहांनाबाद ■ शेष पृष्ठ 9 पर

## शहडोल में नाइट ड्यूटी पर तैनात आरक्षक ने खुद को मारी गोली

**जागरण, शहडोल।** स्थानीय पुलिस लाइन से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां नाइट ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षक ने सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। घटना से महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस लाइन रक्षित केंद्र के आरक्षक शिशिर सिंह राजपूत ड्यूटी के दौरान कुर्सी पर बैठे हुए थे, तभी उन्होंने 7.62 एमएम सर्विस रायफल से सिर में गोली मार ली। गोली आर-पार हो गई, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण के दौरान मौके से आरक्षक का टूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि आत्मघाती कदम उठाने से पहले आरक्षक किसी से मोबाइल पर बात ■ शेष पृष्ठ 9 पर



# अनिल अंबानी पर 1.5 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप, मांगा जवाब

### सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई-ईडी से 10 दिन में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी पर चल रहे बैंक फ्रॉड मामले में शुक्रवार को नए नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस कोर्ट में दायर की गई पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल) पर सुनवाई के बाद जारी किए गए हैं।



पीआईएल में अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप और उसकी कंपनियों पर 1.5 लाख करोड़ रुपए बैंकिंग और कॉर्पोरेट फ्रॉड की कोर्ट मॉनिटर्ड जांच की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने सीबीआई और ईडी से अंबानी के खिलाफ चल रही जांच पर 10 दिन में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की पीठ ने नोट किया कि नोटिस पहले भी दिए गए थे, लेकिन अब बॉम्बे हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि नोटिस अनिल अंबानी तक पहुंचें। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को अगले 10 दिनों के भीतर अपनी जांच की 'स्टेटस रिपोर्ट' दाखिल करने का आदेश दिया है। यह रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दी जाएगी। याचिकाकर्ता (पूर्व आईएएस ईएएस सरमा) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने इसे 'भारत के इतिहास का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट फ्रॉड' बताया। उन्होंने दावा किया कि यह धोखाधड़ी 2007-08 से चल रही थी, लेकिन एफआईआर केवल 2025 में दर्ज की गई। पीआईएल में कहा गया कि सीबीआई की 21 अगस्त की एफआईआर और ईडी की कार्यवाही सिर्फ फ्रॉड के छोटे हिस्से को कवर करती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीबीआई और ईडी की तरफ से पेश होकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का समय मांगा। पिछली सुनवाई में बेंच ने पार्टियों से तीन हफ्ते में जवाब मांगा था। पीआईएल को तीन हफ्ते बाद सुनवाई के लिए पोस्ट किया गया। इससे पहले ईडी ने नवंबर में समूह के खिलाफ अब तक 10,117 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। ईडी के अनुसार, ताजा कार्रवाई में मुंबई के बॉलार्ड एस्टेट स्थित रिलायंस सेंटर, फिक्स डिपॉजिट, बैंक बैलेंस और अनलिस्टेड निवेश सहित 18 संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की गई हैं। साथ ही रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की 7, रिलायंस पावर की 2 और रिलायंस वैल्यू सर्विसेज की 9 संपत्तियां भी फ्रीज की गई हैं। ईडी ने समूह की अन्य कंपनियों के एफडी और निवेश भी अटैच किए हैं, जिनमें रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फाई मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

### बैंक अधिकारियों की मिलीभगत

भूषण ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां उन बैंक अधिकारियों की जांच नहीं कर रही हैं, जिन्होंने कथित तौर पर फंड्स को डायवर्ट करने में अनिल अंबानी ग्रुप की मदद की। याचिका में आरोप है कि सार्वजनिक धन का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया गया और फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स में हेराफेरी की गई। बैंक फ्रॉड मामले में 10,117 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त हुई है। इसमें अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी शामिल है।

**रिसर्च** दावा: चुपचाप ब्लड वेसल को नुकसान पहुंचाती है टाइप 2 डायबिटीज

# टाइप-2 डायबिटीज मरीजों को हार्टअटैक का ज्यादा खतरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोई व्यक्ति टाइप 2 डायबिटीज़ के साथ जितने ज्यादा समय तक जीता है, उसे कार्डियोवैस्कुलर बीमारी का खतरा उतना ही बढ़ता जाता है। डायबिटीज जर्नल में छपी कैरोलिंस्का इंस्टिट्यूट की एक नई स्टडी बताती है कि रेड ब्लड सेल्स में होने वाले बदलाव इस बढ़ते खतरे को समझने में मदद कर सकते हैं। रिसर्चर्स एक खास मॉलिक्यूल की ओर भी इशारा करते हैं जो भविष्य में कार्डियोवैस्कुलर रिस्क की पहचान करने के लिए बायोमार्कर का काम कर सकता है। टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों को हार्टअटैक और स्ट्रोक का खतरा ज्यादा होता है, और यह खतरा बीमारी के हर गुजरते साल के साथ बढ़ता जाता है।

पहले की रिसर्च से पता चला है कि रेड ब्लड सेल्स डायबिटीज में ब्लड वेसल के काम करने के तरीके पर असर डाल सकती हैं। नई स्टडी यह दिखाकर एक जरूरी जानकारी देती है कि किसी व्यक्ति को डायबिटीज कितने समय तक है, इसका इस बात पर बहुत असर पड़ता है कि ये ब्लड सेल्स में बदलाव कब शुरू होते हैं और कैसे डेवलप होते हैं। कई सालों के बाद, रेड ब्लड सेल्स सीधे ब्लड वेसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर सकती हैं।



### स्टडीज से मिले सबूत

इन असर को बेहतर ढंग से समझने के लिए, रिसर्च टीम ने जानवरों के मॉडल और टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों, दोनों की जांच की। चूहों और उन मरीजों से लिए गए रेड ब्लड सेल्स, जो लंबे समय से डायबिटीज से पीड़ित थे, ने नॉर्मल ब्लड वेसल के काम में रुकावट डाली। इसके उलट नए मरीजों के रेड ब्लड सेल्स पर कोई नुकसानदायक असर नहीं दिखा। हालांकि, सात साल तक फॉलो-अप करने के बाद उन्हीं मरीजों में वैसी ही नुकसानदायक प्रॉपर्टीज वाले रेड ब्लड सेल्स बन गए। जब साइंटिस्ट्स ने रेड ब्लड सेल्स में माइक्रो आरएनए-210 का लेवल ठीक किया, तो ब्लड वेसल का काम बेहतर हो गया। सोलना, कैरोलिंस्का इंस्टिट्यूट के मेडिसिन डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रो. और स्टडी के लीड ऑथर जिचाओ झोउ कहते हैं, हमारी स्टडी में जो बात सबसे खास है, वह यह है कि सिर्फ टाइप 2 डायबिटीज होना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी मायने रखता है कि आपको यह बीमारी कितने समय से है। कई सालों के बाद ही रेड ब्लड सेल्स ब्लड वेसल पर नुकसानदायक असर डालते हैं।

### क्या है टाइप 2 मधुमेह

टाइप-2 मधुमेह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर या तो पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता (इंसुलिन प्रतिरोध), जिससे रक्त में ग्लूकोज (शर्करा) का स्तर बढ़ जाता है। यह मधुमेह का सबसे आम प्रकार है, जिसके लक्षणों में ज्यादा प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, भूख बढ़ना, थकान, नजर धुंधला होना शामिल हैं। हालांकि, इसका प्रबंधन आहार, व्यायाम और दवाओं से किया जाता है। यह टाइप 1 मधुमेह से अलग है, जो एक ऑटोइम्यून बीमारी है, और गर्भावधि मधुमेह से अलग है, जो गर्भावस्था के दौरान होता है। टाइप 2 मधुमेह एक गंभीर स्थिति है, लेकिन सही प्रबंधन से इसे काबू किया जा सकता है।

## दिल्ली में पदस्थ मप्र कैडर के आईपीएस तिवारी का इस्तीफा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र कैडर के आईपीएस अधिकारी अभिषेक तिवारी ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने केंद्र, राज्य सरकार को वीआरएस का आवेदन किया है। तिवारी को बेहतर कामकाज के लिए दो बार प्रेसिडेंट मेडल मिल चुका है। मप्र सरकार भी कई बार विशेष कार्यों के लिए सम्मानित कर चुकी है। वर्ष 2024 में सागर में दीवार गिरने से बच्चों की मौत के मामले में हटाए गए तिवारी 2 साल पहले दिल्ली में डेपुटेशन पर हैं, वह अभी नेशनल टेक्नोलॉजी रिसर्च आर्गेनाईजेशन में पदस्थ हैं। तिवारी बालाघाट में भी बतौर एसपी रह चुके हैं। तिवारी ने इसके पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। कहा जा रहा है कि इस्तीफा मंजूर होने के बाद कोई नया काम देखेंगे। पुलिस अधिकारियों ने भी तिवारी के इस्तीफे की पुष्टि की है। अगस्त 2024 को सागर जिले के शाहपुर के पास जर्जर दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद तत्काली एसपी तिवारी के अलावा कलेक्टर दीपक आर्य और स्थानीय एसडीएम को हटा दिया गया था। उधर,विभागीय जांच के संबंध में गृह विभाग को पुलिस रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय की स्वीकृति अनिवार्य रहेगी। मप्र गृह विभाग भी वीआरएस मंजूर करने पर फैसला लेगा।



## संक्षिप्त खबरें

### संभागायुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। संभागायुक्त संजीव सिंह ने सभी को शपथ दिलाते हुए लोकतांत्रिक परम्पराओं, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त राजस्व भोपाल संभाग किरण गुप्ता सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### भोपाल से हजरत निजामुद्दीन के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल-हजरत निजामुद्दीन-भोपाल के मध्य 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 02155 भोपाल से हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन 24 एवं 26 जनवरी को भोपाल स्टेशन से रात 8 बजे प्रस्थान कर बीना 9:55 बजे एवं दूसरे दिन वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी मध्य रात्रि 12:5 बजे, आगरा कैंट 3:20 बजे, मथुरा 4:20 बजे आगमन कर सुबह 7:20 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02156 हजरत निजामुद्दीन से भोपाल स्पेशल ट्रेन 25 एवं 27 जनवरी को हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 12 बजे प्रस्थान कर मथुरा 2:15 बजे, आगरा कैंट 3:05 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी 7:30 बजे, बीना 9:30 बजे आगमन कर दूसरे दिन मध्य रात्रि 12:25 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी।

### मां नर्मदा की पूजा में शामिल हुए सीएम-नड्डा

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को बसंत पंचमी पर जबलपुर के ग्वारीघाट में माँ नर्मदा की महाआरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने नर्मदा महा आरती के पहले स्वस्ति-वाचन और श्लोकों के मध्य माँ नर्मदा की पूजा कर माँ नर्मदा का दुग्धाभिषेक कर दीपदान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा महा आरती के साथ प्रदेश में नर्मदा जयंती पर होने वाले आयोजनों की शुरुआत भी की। महाआरती के समापन पर 15 वर्षीय तेजस्विनी दुबे ने माँ नर्मदा को साफ एवं स्वच्छ रखने का सभी को संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने झंडा चौक से ग्वारीघाट तक रोड-शो कर नागरिकों का अभिवादन किया।

### विदेश सेवा के अफसरों को दिए सफलता के टिप्स

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षणर ले रहे भारतीय विदेश सेवा (आईएफएक) के 5 अफसरों ने शुक्रवार को पीएचक्यू पहुंचकर डीजीपी कैलाश मकवाणा से मुलाकात की। भेंट का मकसद प्रशासनिक अनुभवों का आदान-प्रदान, सुरक्षा और सेवाओं के बीच समन्वय मजबूत करना था। डीजीपी ने अधिकारियों को प्रदेश पुलिस की संरचना, व तकनीक आधारित पुलिसिंग के नवाचारों की जानकारी देते हुए अपने कार्यकालों के अनुभवों के जरिए लोकसेवा का अर्थ समझाया। डीजीपी ने इस दौरान प्रशिक्षु आईएफएश अफसरों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्चे अर्थों में लोकसेवा है। उन्होंने दुर्ग और मुरैना के अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया सर्विस के दौरान अधीनस्थ स्टाफ के प्रति संवेदनशीलता और अनुशासन से ही लीडरशिप प्रभावी हो सकती है।

# एसआईआर: 30 लाख नाम हटने की संभावना से भाजपा-कांग्रेस बेचैन

## भाजपा ने मंत्रियों को गृह जिलों पर फोकस करने को कहा, कांग्रेसी बीएलओ की शिकायत लेकर आयोग के लगा रहे चक्कर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र में प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा और कांग्रेस भले ही अपनी मजबूत स्थिति होने का दावा करें, लेकिन हकीकत यह है कि एसआईआर में तक रीबन 30 लाख वोट कटने की संभावनाओं ने इन दोनों दलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। आलम यह है कि सरकार चला रही भाजपा ने अपने मंत्रियों को अपने गृह जिलों पर फोकस करने को कहा गया है तो कांग्रेस बीएलओ की शिकायतें लेकर आयोग के चक्कर लगा रही है। पिछले एक सप्ताह से भाजपा और कांग्रेस के रणनीतिकारों की नींद उड़ी हुई है, क्योंकि एसआईआर में लगभग 30 लाख मतदाताओं के नाम कटने की बात सामने आई है। सुनवाई के दौरान काफी नाम जोड़े गए हैं। ये सुनवाई 14 फरवरी तक चलेगी। भाजपा और कांग्रेस की कोशिशें हैं कि बाकी दिनों में उनके समर्थक मतदाताओं के नाम नहीं कटे। इसके लिए जहां भाजपा ने अपने मंत्रियों और विधायकों को मैदान पर उतार दिया है,तो वहीं कांग्रेस ने भी अपने बीएलओ-2 के जरिए नाम जोड़ने और काटे जाने पर पैनी नजर रखनी शुरु कर दी है।



### आधा जिलों में कार्यकारणी नहीं

भाजपा में भी अंदरुनी तौर पर नेताओं के बीच आपसी खींचतान मची हुई है। जिसका परिणाम यह रहा कि जिलों की कार्यकारणी बनाने में वरिष्ठ नेताओं को पसीना आ गया। अभी भी भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी सहित आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में नेताओं के वर्चस्व की लड़ाई की वजह से जिलों की कार्यकारणी गठित नहीं हो सकी है।जिससे वहां भी एसआईआर पर संगठन की नजर रखने का काम प्रभावित हो रहा है।

### कांग्रेस के दावे पर प्रभारी भी संतुष्ट नहीं

उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस ने पिछले दिनों दावा किया था कि राज्य भर में उनके लगभग 65 हजार बीएलओ है, जो पूरी एसआईआर प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं, लेकिन उनके इस दावे पर राज्य के प्रभारी हरीश चौधरी ने स्वयं यह कहते हुए प्रश्न चिन्ह लगा दिया था कि यदि सभी बीएलओ को बुलाएंगे,तो क्या वे आ सकते है। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रभारी स्वयं संतुष्ट नहीं है कि उनके कार्यकर्ता एसआईआर में काटे जा रहे नामों को रोक पाएंगे।

### जी राम जी भी बड़ा टास्क

इधर दोनों दलों के लिए एसआईआर के बाद जी राम जी योजना भी बड़ा टास्क बन गया है। इसे लेकर जिस तरह से कांग्रेस भाजपा पर महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर सवाल खड़ा कर रही है,तो वहीं भाजपा कांग्रेस को राम विरोधी बताने का बताने का प्रयास कर रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने अपने मंत्रियों से कहा है कि वे गणतंत्र दिवस पर जी राम जी को लेकर जनता तक संदेश पहुचाए कि कांग्रेस इस मामले पर भ्रामक प्रचार कर रही है। इधर कांग्रेस मनरेगा बचाओ अभियान के जरिए लोगों को यह बताने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ने मनरेगा के हितग्राहियों से जीविका छीनने की कोशिश की है। वह गरीबों की हितेषी नहीं है।

### मंत्रियों को भेजा गृह जिलों में

भाजपा से जुड़े सूत्रों की माने तो पार्टी की एक रणनीति के तहत कुछ मंत्रियों के गणतंत्र दिवस के ध्वाजारोहण समारोह के लिए जिले बदले गए है। इनमें जहां कुंवर विजय शाह को उनके गृह जिले खंडवा,उदय प्रताप सिंह को नरसिंहपुर,एंदल सिंह कंसना को उनकी ही जिले मुरैना,चेतन्य काश्यप को रतलाम धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी को दमोह ,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को सतना और राधा सिंह को अपने ही गृह जिले सिंगरौली में ध्वाजारोहण के लिए बतौर मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। जानकारों का कहना है कि इस रणनीति के पीछे भी एसआईआर प्रक्रिया है। जहां अपने गृह जिले में ध्वाजारोहण करने के उपरांत मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर एसआईआर को लेकर मंथन करेंगे,जिससे समर्थकों के नाम ज्यादा से ज्यादा जोड़े जा सके।

# गणतंत्र दिवस पर मप्र के इतिहास की सबसे लंबी परेड

## 23 प्लाटून में शामिल 1300 जवान, स्कूली बच्चे और महिला दल मिलकर करेगा मार्चपास्ट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अगामी 26 जनवरी को प्रदेश में मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह भोपाल के लाल परेड मैदान पर होगा। इस दौरान एमपी के गणतंत्र दिवस के इतिहास की सबसे लंबी परेड निकलेगी। सातवीं बटालियन के कमांडेंट हितेष चौधरी के अनुसार इस साल परेड में कुल 23 प्लाटून शामिल होंगी, जिसमें 1300 जवान और डॉग स्क्वॉड शामिल होगा। इसके बाद स्कूली और आदिवासी कलाकारों के द्वारा सासंकृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। सबसे अंत में प्रदेश के सरकारी विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी। गणतंत्र दिवस का यह समारोह सुबह 9 बजे शुरू होकर दोपहर 11.30 तक चलेगा। परेड को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है और शनिवार को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी, जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाणा भी शामिल होंगे।



### तिरंगे डोम में बैठेंगे आगंतुक, तैयारी पूरी

आयोजन में शामिल होने लगभग दस हजार लोगों के लाल परेड मैदान पर पहुंचने की संभावना है। इनके बैठने के लिए परेड सर्किल के बाहरी हिस्से में तिरंगे डोम बनाए गए हैं। केसरिया, सफेद और हरे रंग के पर्दों से सजे इस तिरंगे डोम के भीतर ही कुर्सियां लगाई जाएंगीं। इसके अलावा मुख्य आयोजन में शामिल होने वालों के लिए पार्किंग स्थल और प्रवेश द्वार तय कर लिए गए हैं। वीआईपी और वीवीआईपी का आगमन पुलिस कंट्रोल रूम के सामने वाले गेट से होगा जबकि शेष आगंतुक पीएचक्यू के सामने स्थित दोनों प्रवेश द्वारों से दाखिल हो सकेंगे। इस आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच सौ से अधिक पुलिस फोर्स के साथ डॉग और बम स्क्वॉड को भी तैनात किया जाएगा जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

### आईपीएस अफसर परेड कमांडर, सेकंड कमांड महिला अधिकारी को

लाल परेड मैदान पर होने वाली मुख्य परेड के कमांडर आईपीएस अधिकारी आयुष जाखड़ होंगे। वे फिलहाल ग्वालियर में बैतर एसडीओपी पदस्थ हैं। इस परेड की सेकंड कमांडर रतलाम की डीएसपी नीलम होंगी, जो राज्य पुलिस सेवा की अफसर हैं। इस परेड में लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद एनएसएस का दल भी शामिल होगा। इसके अलावा परेड में एमपी पुलिस, एसएएफ, पुलिस बैंड, एनसीसी की गर्ल्स और बॉयज विंग, स्काउट और गाइड की टीम के अलावा महिला शौर्य दल भी शामिल होगा। परेड के दौरान पुलिस बैंड का दल देश भक्ति की धुनें बजाते हुए मंच के सामने से गुजरेगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि राच्यपाल मंगूभाई पटेल होंगे और प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं डीजीपी कैलाश मकवाणा समेत सभी आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी इस समारोह में शामिल होंगे।

### पहली बार केंद्रीय सशस्त्र बलों की तीन टुकड़ियां शामिल

प्रदेश में गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के दौरान पिछले सालों मे केवल दो ही केंद्रीय बलों की टुकड़ियां शामिल होती थीं। इस बार ये आंकड़ा बढ़ गया है। इस बार राच्य स्तरीय परेड में शामिल होने के लिए इंडो तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपनी प्लाटून भेजी हैं। इसके अलावा इस बार गृह विभाग की झांकी सबसे आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस झांकी में हाल ही में शुरू की गई डायल 112 सेवा और शहीद स्मारक को दिखाया जाएगा। इसके अलावा अन्य विभागों की झांकियों में भी प्रदेश की कला आर संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

### पानी सप्लाई पर संभागायुक्त ने अफसरों को चेताया

# गंदे पानी की सप्लाई हुई तो सबकी जिम्मेदारी तय होगी



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** इंदौर में गंदे पानी सप्लाई के बाद लगातार जारी मौतों के बीच शुक्रवार को टीएल बैठक के दौरान संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने भोपाल संभाग के सभी अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि संभाग के हर जिले के हर मोहल्ले व क्षेत्र में पेयजल सप्लाई पर बारीक नजर बनाए रखें। यदि किसी भी जगह गंदे पानी की सप्लाई हुई तो जिम्मेदारी सबकी बनेगी और फिर कार्रवाई भी होगी। इससे अच्छा यही है कि पहले ही पानी सप्लाई पर नजर रखी जाए। सभी जिम्मेदार अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में जाकर देखें कि कहां पानी की सप्लाई कैसी है? किसी भी तरह की खामी मिलने पर सप्लाई में तुरंत बदलाव किए जाएं। किसी भी मोहल्ले या घर से गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत आती है, तो तुरंत कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण करें। ताकि लोगों को साफ पानी की आपूर्ति हो सके।

### सभी को मिले हर योजना का लाभ

संभाग आयुक्त सिंह ने अमले को संकल्प से समाधान योजना तक हर शासकीय योजना का लाभ शहर के साथ ही गांव के लोगों तक भी पहुंचाने को कहा। कहा कि वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर अमला लोगों के घरों तक पहुंचे और उन्हें योजना के संबंध में जानकारी दे। इस दौरान ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर आने वाले आवेदनों की मॉनीटरिंग कराई जाए। अभियान के तहत चिन्हित 106 सेवाओं एवं योजनाओं के माध्यम से तय समय पर लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाए। पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर ब्लॉक स्तर पर मॉनीटरिंग करें। नवाचार करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाए।

# आयुष्मान में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार 2.15 करोड़ रुपए की हुई रिकवरी

## दक्ष सिस्टम से खुलासा, 100 से अधिक निजी अस्पतालों पर कार्रवाई

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आयुष्मान निरामयम योजना में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा। बीते एक साल में मध्य प्रदेश में इस योजना में कई खुलासे हुए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए मप्र के स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों से 2.15 करोड़ रुपए की रिकवरी भी की है। जानकारी अनुसार अस्पतालों ने मरीजों को भर्ती दिखाकर करोड़ों रुपए के क्लेम फाइल किए। ऐसे लोगों के कार्ड एक्टिव रखे गए जो अस्पताल तक नहीं पहुंचे और कुछ अस्पताल बंद रहने के बावजूद इलाज का बिल बनाते रहे। इस फर्जीवाड़े को रोकने के लिए मप्र आयुष्मान कार्यालय ने एक रणनीति तैयार की है। जिसे दक्ष सिस्टम का नाम दिया गया है। दक्ष आयुष्मान फ्रेमवर्क के तहत अब तक मध्यप्रदेश में 104 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। करीब 40 हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड को रद्द किया गया। फर्जी बिल लेने वाले अस्पतालों से उलटा 2.15 करोड़ रुपए की वसूली तक की गई है।




### एआई की मदद से पकड़ रहे फार्जीवाड़ा

दक्ष सिस्टम को राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने जमीन पर लागू किया। इसके लिए डिजिटल ऑडिट, कार्ड वैरिफिकेशन, प्री-ऑथराइजेशन चेक और एआई आधारित डेटा एनालिसिस को एक साथ जोड़ा था। अब तक 7,883 क्लेम फर्जी या संदिग्ध पाए गए, जिन्हें रिजेक्ट किया है। इन क्लेम की कुल राशि 24.84 करोड़ रुपए थी। इसी तरह फर्जी आयुष्मान कार्ड जिनकी संख्या लगभग 40 हजार से अधिक है, को ऑडिट में डिसेबल कर दिए गए। अस्पतालों में खामियां मिलने पर 47 अस्पतालों को शोकॉज नोटिस, 3 अस्पताल डि-एम्पेनल और 54 स्पेशियलिटी सस्पेंड कर दिए गए।

### एमपी देश में नंबर वन

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को एंटी फ्रॉड एक्शन कैटेगरी में देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य का दर्जा मिला हुआ है। इस सम्मान का आधार बना दक्ष आयुष्मान सिस्टम है। जिसके जरिए आयुष्मान योजना में फ्रॉड, दुरुपयोग और गलत बिलिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की गई है। यह फ्रेमवर्क रोकथाम, पहचान और कड़ी कार्रवाई पर बनाया है।

### अस्पतालों में मिलीं यह कमियां

- वैधानिक दस्तावेजों की कमी
- इंफ्रास्ट्रक्चर की दिक्कतें
- ऑपरेशनल खामियां
- क्लिनिकल अप्रॉप्रियेटनेस
- कुछ अस्पताल पूरी तरह बंद थे, लेकिन पोर्टल पर एक्टिव रहते हुए क्लेम कर रहे थे।
- कई जगह डॉक्टर कागजों पर थे।

**निर्देश** छत्तीसगढ़ से संचालित हो रहा प्रदेश का कामकाज

# प्रभारी के भरोसे होगी प्रदेश में जनगणना...!

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जनगणना की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद भी मध्यप्रदेश में इस महाअभियान की तैयारियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले चार महीनों से प्रदेश में जनगणना निदेशक का पद खाली पड़ा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश का अतिरिक्त कार्यभार छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेशक के पास है। प्रदेश की जनगणना निदेशक भावना वालिंबे सितंबर 2025 में रिटायर हो गई थीं। उनके बाद से ही यह पद रिक्त है। केंद्रीय जनगणना निदेशालय ने पड़ोसा राच्य के जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल को एमपी का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। सूत्रों की मानें तो कार्यभार मिलने के बाद से कार्तिकेय गोयल पिछले चार महीनों में केवल एक-दो बार ही मध्यप्रदेश आए हैं। वे रायपुर में बैठकर ही वर्चुअली मध्यप्रदेश की गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।



### इसलिए अहम है जनगणना निदेशक का पद

जनगणना निदेशक का पद राच्य के नजरिए से भी बेहद अहम होता है। जनगणना निदेशक ही केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय (महानिदेशक जनगणना) और राच्य सरकार के बीच सेतु की तरह काम करता है। इसके साथ ही निदेशक ही प्रदेश के हजारों सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम के प्रशिक्षण से लेकर जमीनी स्तर पर डेटा एकत्र करवाने के लिए भी जिम्मेदार होता है। सामान्य तौर पर इस पद पर उसी राच्य कैडर के अपर सचिव या सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया जाता है, क्योंकि उसे राज्य की भौगोलिक और प्रशासनिक संरचना की बेहतर समझ होती है।

### केंद्र के फैसले का इंतजार

जनगणना के दौरान इस बार सैंपल सर्वे का दौर पूरा हो गया है और एक अप्रैल से मकानों की लिस्टिंग शुरू होनी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक दिन पहले ही गजट नोटिफिकेशन जारी कर सवालों की सूची भी तय कर दी है। ऐसे में ये सवाल भी खड़े हो रहे हैं कि इस पद पर एमपी कैडर के किसी पूर्णकालिक अफसर की नियुक्ति न होने से इस विशाल अभियान का संचालन प्रभावित हो सकता है। फिलहाल जनगणना से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों की निगाहें दिल्ली पर टिकी हैं, क्योंकि वहीं से एमपी के नए जनगणना निदेशक का नाम तय होगा। इस बारे में भोपाल के जनगणना कार्यालय में तैनात अधिकारी भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।



# SMART BAZAAR

Reliance
Growth is Life



फुल पैसा वसूल सेल
21st - 26th JAN
आखिरी 3 दिन

## सबका एक ही उसूल, अब करेंगे फुल पैसा वसूल.
## 21 से 26 जनवरी

सफोला गोल्ड तेल 3 L + इंडिया गेट रोज़ाना चॉइस बासमती चावल 5 kg
COMBO@ ₹749
संयुक्त एमआरपी ₹1186 | बचाइए ₹437

गुड लाईफ बादाम 500 g + काजू (W320) 500 g
COMBO@ ₹849
संयुक्त एमआरपी ₹1345
बचाइए ₹496

खुली चना दाल / तुअर दाल वैल्यू 1 kg
स्मार्ट कीमत ₹71/₹107
बाज़ार मूल्य ₹78/₹112

बिस्किट्स बड़ा पैक 400 g या उससे अधिक / लोटे चोको पाई 336 g (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹75 या उससे अधिक /युनिट

कोका-कोला/स्प्राइट/थम्स अप 750 ml (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹40 या उससे अधिक /युनिट

सफोला एक्टिव तेल 850 g / गुलाब गोल्ड मूंगफली का तेल 870 g
स्मार्ट कीमत ₹136/₹149
एमआरपी ₹187/₹221
बचाइए ₹51/₹72

स्वादिस्ट सोयाबीन तेल 800 g / मधुर चीनी 5 kg
स्मार्ट कीमत ₹123/₹245
₹49 /kg
एमआरपी ₹155/₹315
बचाइए ₹32/₹70

इंडिया गेट मोगरा बासमती चावल 10 kg / क्लासिक कोलम स्टीम चावल 26 kg
स्मार्ट कीमत ₹589/₹1039
₹58.90 /kg
₹39.96 /kg
एमआरपी ₹865/₹1800
बचाइए ₹276/₹761

चक्की आटा / आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg
स्मार्ट कीमत ₹359/₹475
₹50 छूट
एमआरपी ₹450/₹548
बचाइए ₹91/₹73

रेड लेबल लीफ टी 1 kg
बचाइए ₹150
एमआरपी ₹520 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹370 या उससे अधिक

अमूल प्योर घी 1 L
स्मार्ट कीमत ₹559
एमआरपी ₹610 | बचाइए ₹51

टूथपेस्ट 280 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹204 या उससे अधिक
BUY ANY 1 GET ANY 1 FREE

साबुन 125 g या उससे अधिक(मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹299 या उससे अधिक
BUY ANY 1 GET ANY 1 FREE

डिटर्जेंट 4 L / 5 kg या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹565 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट

LYF मिक्सर ग्राइंडर (500W)
स्मार्ट कीमत ₹999
एमआरपी ₹2599

3 पीस हार्ड ट्रॉली सेट
एमआरपी ₹30000 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹4499 या उससे अधिक
फ्लैट 85% छूट

डबल बेडशीट सेट (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 1 GET ANY 3 FREE
एमआरपी ₹1199 या उससे अधिक



वीमेन्स, मेन्स और किड्स वेयर
BUY 1 GET 1 FREE*
2000+ फैशन स्टाइल्स पर

**अब खुल गया है** उज्जैन: OPK बिज़ेस पार्क, श्री माधव क्लब के पास, सिंधी कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड. इटारसी : LKG प्लाजा, वर्धमान पब्लिक स्कूल के सामने, सोना सावरी नाका, सूरज गंज.

भोपाल: डीबी सिटी मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, ज़ोन 1, एमपी नगर • विरशा एसटीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, महेंद्र फ्यूल पॉइंट के सामने, रोहित नगर, बावड़िया कलां मेन रोड, गुलमोहर कॉलोनी • देवाशीष भवन, संतोष विहार कॉलोनी, अयोध्या बायपास रोड बैतूल: किलेदार प्लाजा, ओम शक्ति TVS शोरूम के पास, गुरुद्वारा रोड गंज इन्दौर: मल्हार मेगा मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, ए बी रोड • फ़ीनिक्स सिटाडेल मॉल, ग्राउंड फ्लोर, MR 10 जंक्शन • ईश्वरी वेस्टएंड, लोअर ग्राउंड फ्लोर, AB. रोड, राजेंद्र नगर, हुकमाखेड़ी ग्वालियर: दीनदयाल सिटी मॉल, एमएलबी रोड, लश्कर • केशर टावर्स, रेसकोर्स रोड डीबी सिटी मॉल के पास, • रोलेक्स स्क्वेयर, सिटी सेन्टर, एयरटेल ऑफिस के पास • संघू टॉवर, HP पेट्रोल पंप के सामने, एयरपोर्ट रोड, महाराजपुरा जबलपुर: साउथ एवेन्यू मॉल, ग्राउंड फ्लोर, ग्वरीघाट रोड • अशोक लेलैंड के पास, गुलजार होटल के सामने, महानद्दा, शास्त्री ब्रिज कटनी: सिटी मॉल, रेल्वे स्टेशन के पास, बरही रोड रतलाम: इम्पीरियल मॉल, ग्राउंड फ्लोर, 80 फीट रोड, हनुमान ताल छतरपुर: टिकरिया स्क्वेअर, बजाज शोरूम के पास, नौगांव रोड उज्जैन: द कॉसमॉस मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, नानाखेड़ा नर्मदापूरम: दुबे कॉम्प्लेक्स, होटल संत कृपा पैलेस के सामने, सतरस्ता छिंदवाड़ा: व्यंकटेश मॉल, नागपुर रोड, हाईट, ईआयसी चर्च के सामने गुना: सांई सागर हाईट्स, मारुति शोरूम के पास, कमला पेट्रोल पम्प के सामने, ए.बी. रोड हरदा: जी.पी मॉल, ग्राउंड फ्लोर, बस स्टेण्ड रोड खण्डवा: ट्रेड हाउस, पदम नगर, पुलिस थाने के सामने, इन्दौर रोड सागर: पेरेडाइज होटल के पास, जबलपुर रोड, मकरोनिया • सनराईस प्लाजा, बुंदेलखण्ड मेडिकल कॉलेज के पास, तिली अशोकनगर: अमाया मॉल, HDFC बैंक के पास, सेन चौराहा, विदिशा रोड सतना: मोदी टॉवर, पीवीआर सिनेमा के सामने, पन्ना रोड ब्यावरा: एमएसएम आर्केड, बैंक ऑफ बड़ोदा के पास, पुराना ए.बी. रोड नागदा: अग्रवाल कॉम्प्लेक्स, देव पैलेस होटल के सामने, महाराणा प्रताप चौराहा. खरगोन: गोपाल कुंज कॉम्प्लेक्स, गोपाल तोल कांटे के पास, बिस्टान रोड, शिवपुरी: जनक एम्पायर, क्वॉलिटी होटल के पास, महल कॉलोनी, एबी रोड, विदिशा: लैंडमार्क टॉवर, एक्सीलेंस स्कूल के पास, सांची रोड, सीहोर: एमसीआर बिज़नेस पार्क 2, द रॉयल होटल के पास, गंगा आश्रम, इंदौर भोपाल रोड. राजगढ़: संस्कृति कॉम्प्लेक्स, संस्कृति पैलेस होटल के पास, बायपास रोड. पांढुरना: तेजस प्लाज़ा, पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के सामने, महावीर वार्ड. पन्ना: केशव राजा मॉल, SP निवास के सामने, सिविल लाइन रोड.

SMART BAZAAR

ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
fresh Signature
SMART SUPERSTORE

10% INSTANT DISCOUNT# SBI card
#Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn. per credit card; Validity: 21 Jan - 26 Jan 2026. T&C Apply.

अधिक ऑफर्स जानने के लिए स्कैन करें

अपना नज़दीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें

नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। होमवेअर और अपैरल ऑफ़र्स चुनिंदा स्मार्ट बाजार और स्मार्ट सुपरस्टोर पर वैध। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 26 जनवरी 2026 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्युत कंपनी कार्मिकों ने पूर्व प्रबंध संचालक को दी विदाई




**जागरण, भोपाल।** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर (पीडीटीसी) सभागार में शुक्रवार को कंपनी के पूर्व प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उन्हें आत्मीय विदाई दी। गौरतलब है कि 2014 बैच के आईएएस अधिकारी क्षितिज सिंघल का विगत दिनों कमिश्नर नगर निगम इंदौर के पद पर स्थानांतरण हो गया था। उन्होंने कंपनी में लगभग 18 महीने से अधिक प्रबंध संचालक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। इस अवसर पर अतिथियों में निदेशक सुधीर कुमार वास्तव, निदेशक (पीडीटीसी) एके खत्री, मुख्य महाप्रबंधक (मान. संसा. एवं प्रशा.) उत्कर्ष गौर, मुख्य वित्तीय अधिकारी अखिलेश कुमार पांडे एवं मुख्य महाप्रबंधक शहर वृत्त भोपाल बीबीएस परिहार सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मती नीतू सिंह ने किया। सिंघल ने कहा कि कंपनी में आप सभी लोगों के साथ काम करते हुए एक अपनेपन का अनुभव हुआ। बहुत कुछ किया तो बहुत कुछ सीखा भी है। उन्होंने सभी लोगों को कंपनी हित में आगामी बेहतर कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। महाप्रबंधक (प्रशासन) संपूर्णानंद शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जोनल स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा सीआरई कार्यक्रम का प्रारंभ



**भोपाल।** रातीबड़ माधुरी आयाम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा तीन दिवसीय जोनल स्तरीय सतत पुनर्वास शिक्षा सीआरई कार्यक्रम विषय समावेशी स्कूलों में सीडब्ल्यूएसएन के लिए पाठ्यक्रम अनुकूलनका प्रारंभ मुख्य अतिथि संस्था संचालिका वीवा जोशी ने दीप प्रज्वलित और मां सरस्वती का पूजन पाठ कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक तरुणा भार्गव ने रिसोर्स पर्सन डॉ. मनोज पांडेय, डॉ.अरविंद जैन, बृजबाला हांडे देशपांडे एवं समस्त प्रतिभागियों का कार्यक्रम के प्रथम दिवस स्वागत किया। इसके बाद विषयानुसार समस्त रिसोर्स पर्सन ने समय सारणी अनुसार व्याख्यान और विश्लेषण किया।

### नगर निगम की डॉग स्क्वाड कार्रवाई 72 आवारा श्वानों की नसबंदी

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 72 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा। निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 68 श्वानों को वापस छोड़ा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देष पर निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शुक्रवार को विभिन्न जोन क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही करते हुए 29 श्वानों को कजलीखेड़ा स्थित एबीसी सेंटर भेजा जबकि 20 श्वानों को आदमपुर तथा 23 श्वानों को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजने की कार्यवाही की। इस प्रकार निगम के डॉग स्क्वाड ने कुल 72 श्वानों को नसबंदी केन्द्रों में भेजा तथा नसबंदी उपरांत 68 श्वानों को वापस छोड़ा गया। निगम के डाग स्क्वाड द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### जलगांव में मंत्री ने ली टिशू कल्चर तकनीक की जानकारी



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शुक्रवार को जलगांव में केले की टिशू कल्चर तकनीक की विस्तृत जानकारी ली। महाराष्ट्र के जलगांव ज़िले के जैन हिल्स एवं जैन वैली टाकरखेड़ में पहुंचकर उन्होंने एक्सपर्ट द्वारा टिशू कल्चर से केले के उत्पादन, पौध तैयार करने की प्रक्रिया, उत्पादन क्षमता तथा निर्यात संभावनाओं की जानकारी दी गई। कुशवाह ने कहा कि इस तकनीक को अब एमपी में भी अपनाया जाएगा ताकि प्रदेश में केले की फसल को और बेहतर किया जा सके। इससे पहले मंत्री कुशवाह ने जलगांव में ही आधपनिक उद्यानिकी उपकरणों, नर्सरी एवं सिंचाई परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इलाके के प्रगतिशील किसानों से चर्चा कर उनके अनुभवों की भी जानकारी ली।

### डिजिटल आरेस्ट करने वाली आरोपी महिला को जमानत नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट कर 45 लाख की ठगी करने की आरोपी अंकिता नाथ की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। दरअसल, आरोपी की ओर से आवेदन वापस लेने का निवेदन किया गया, जिसे जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठ ने स्वीकार कर लिया। न्यू जगदंबा कॉलोनी जबलपुर निवासी विजय कुमार की शिकायत पर राच्य साइबर सेल जबलपुर जोन की फर्जी डीसीपी बनकर शिकायतकर्ता को 3 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। शिकायतकर्ता के खाते से आरोपी व उसके पति के खाते में 45 लाख ट्रांसफर करवाए। कोलकाता की रहने वाली आरोपी अंकिता नाथ और उसके फरार पति अहमद रजा खान को आरोपी बनाया गया था। अंकिता को हाईकोर्ट में पेश किया गया। राच्य शासन की ओर से पैनल अधिवक्ता हिमांशु तिवारी ने जमानत अर्जी का विरोध किया।

# स्कूलों व मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी





**जागरण, भोपाल।** बसंत पंचमी का पर्व नगर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों, मंदिरों एवं धार्मिक संगठनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पूजा-अर्चना और भंडारों का आयोजन किया गया। स्कूलों में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया और विद्या, बुद्धि व सद्बुद्धि की कामना की। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना और नृत्य प्रस्तुत कर विद्यारंभ का संदेश दिया। इसी क्रम में माताजी की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप स्थापना शताब्दी वर्ष के गरिमामय शुभारंभ के अंतर्गत, परम पूज्य गुरुदेव के आध्यात्मिक जन्मदिवस वसंत पंचमी के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस अनुष्ठान में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने श्रद्धा एवं सहभागिता कर कार्यक्रम को सफलता प्रदान की।


### कन्या विवाह योजना में सैकड़ों जोड़े बंधे एकसूत्र में

मुख्यमंत्री कन्या निकाह/विवाह योजना के तहत नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक विवाह एवं सामूहिक निकाह कार्यक्रम आयोजित किए गए। जवाहर चौक स्थित जवाहर उद्यान तथा चांदबड़ स्थित राम मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में महापौर मालती राय ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उक्त दोनों स्थलों पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 05-05 जोड़ों के विवाह पूर्ण रीति रिवाज के साथ संपन्न हुए जबकि पालीटेक्निक स्थित हिन्दी भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 10 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए। इस्लामी गेट ग्राउंड में आयोजित सामूहिक निकाह कार्यक्रम में 176 जोड़ों के निकाह संपन्न हुए। शहर काजी सैयद मुस्ताक अली नदवी ने खुतवा देकर निकाह की औपचारिकताएं पूर्ण कराई। इस प्रकार मुख्यमंत्री कन्या निकाह/विवाह योजना अंतर्गत कुल 196 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे।

# जुमेराती से पीरगेट तक चले निगम के हथौड़े अमले के पहुंचने से पहले ही अंदर किया सामान

## तीसरे दिन पक्के चबूतरे, दुकानों पर बने टीनशेड हटाए, कई जगह बनी विवाद की स्थिति, चार ट्रक सामान जब्त

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पुराने भोपाल के बाजारों में अतिक्रमणों की हटाने की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान नगर निगम के अमले ने पुराने शहर पहुंचकर दुकान के बाहर बने पक्के चबूतरों, टीन शेड और तिरपाल को हटाया। अतिक्रमण अमले के पहुंचने से पहले ही कई दुकानदार अपने सामान को अंदर करते हुए दिखे। अमले ने इस दौरान सड़क पर कब्जा कर रखे गए काउंटर, टेबल, ड्रम सहित अन्य सामान को जब्त किया। इस दौरान कुछ जगहों पर तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। अमले ने कार्रवाई करते हुए इस दौरान लगभग 4 ट्रक सामान को जब्त किया। इसके पहले अमला 19 और 20 जनवरी को पुराने शहर में मुनादी करवाते हुए दुकानदारों को सामान हटाने की हिदायत भी दे चुका था। इसके बाद भी जिन दुकानदारों ने सामान को हटाने में लापरवाही की उनके ऊपर चालानी कार्रवाई करने के अलावा अतिक्रमणों को भी तोड़ा गया।



### आवागमन हुआ आसान

शहर के कई बाजारों में पहली बार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई है। कई जगहों पर पहले पैदल चलना भी मुश्किल होता था, लेकिन अब इन जगहों पर लोग अपने दो पहिया वाहन लेकर पहुंच रहे हैं। आमतौर पर अतिक्रमण के कारण पीरगेट से जुमेराती तक जाने में 15 मिनट का समय लग जाता था। कभी कभार तो लोगों के वाहन 40 मिनट तक ट्रैफिक में फंसे रहते थे। लेकिन अब आराम से दो पहिया वाहन 5 मिनट के अंदर जुमेराती गेट तक पहुंच रहे हैं। यही स्थिति जनकपुरी बाजार से लेकर आजाद मार्केट की भी है। यहां से लोगों का मंगलवारा तक आवागमन भी आसान हो गया है।

### इन इलाकों से शुरू हुई कार्रवाई

मंगलवारा से कार्रवाई शुरू करते हुए आजाद मार्केट में दुकानदारों का सामान अंदर करवाया। इसके अलावा जुमेराती, लोहा बाजार, चौक बाजार, लखेरापुरा और पीरगेट तक किए गए अतिक्रमणों को हटवाया। इन सभी इलाकों में दुकानदारों ने दुकान के बाहर अवैध स्लैब, चबूतरे व नालियों पर फर्शियां लगा रखी थीं। जिन्हें हटाने की कार्रवाई की गई। दुकानदारों के काउंटर, टेबिल, स्टैंड, एंगल, पाइप, गेट, जालियां, बोर्ड सहित अन्य सामान को जब्त किया गया।

### अवैध दुकान सील एक दुकान को तोड़ा

अमले ने कोलार गेस्ट हाउस के सामने अवैध रूप से संचालित एक चिकन शॉप को सील किया और लिंक रोड नंबर 3 पर एक पक्की दुकान को तोड़ने की भी कार्रवाई की गई। आशिमा मॉल के पास से एक प्लॉट पर की गई अवैध फेंसिंग हटाई गई। जाटखेड़ी में तीन अवैध शेड, शनिमंदिर के पास से गुमटी, बाग फरहत अफजा में एक अवैध ठेले, गुमठियां, पान पार्लर और अन्य अतिक्रमण हटाए गए। लहारपुर रोड और दानिश नगर में 05 चार पहिया वाहन सड़क से हटवाए।

" पुराने भोपाल में चल रही कार्रवाई अभी जारी है। मुख्य मार्गों पर किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**वरुण अवस्थी,** अपर आयुक्त ननि भोपाल

### मारपीट से परेशान होकर की आत्महत्या की कोशिश

**जागरण, भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट,दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। ससुराल पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर जबरन कपड़े उतरवाए और अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। इससे परेशान होकर पीड़िता ने फिनाइल पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति साकिब अली, सास, जेठ-जेठानी समेत सात नामजद आरोपियों और तीन किन्नरों खिलाफ मामला दर्ज किया है। 25 वर्षीय पीड़िता की शादी साल 2021 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगा। इस पर उसने पहले महिला थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी, समझौता होने पर करीब ढाई-तीन साल तक हालात सामान्य रहे। लेकिन डेढ़ महीने से ससुराल वाले उसे फिर से प्रताड़ित करने लगे और पति को तलाक देने का दबाव बनाने लगे। इसी दौरान उन्होंने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। बाद में वह अपने मायके नियामतपुर में आकर रहने लगी। 20 तारीख को ससुराल पक्ष के लोग जेठ, जेठानी, सास समेत अन्य 10 लोग उसके मायके पहुंचे। मुस्कान और उसकी मां घर में मौजूद थी। सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की और बाद में तीन किन्नर कल्पना, काव्या, नेहा को बुलाकर उसके कपड़े उतरवाए और वीडियो बना लिया।

# आज से भोपाल हाट में 3 दिवसीय आजीविका ग्रीन मेले का शुभांरभ

## फल, सब्जी, अनाज, बीज एवं बागवानी का सामान रहेगा उपलब्ध

**भोपाल।** शहर के भोपाल हाट में आज से 26 जनवरी तक तीन दिवसीय आजीविका ग्रीन मेले का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किया जा रहा है। मेले में मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के रसायन रहित उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मुख्य रूप से समूहों की नर्सरी में तैयार किये गये पौधे, फल, सब्जी, रसायन रहित अनाज, बीज, खाद, कीटनाशक एवं बागवानी का सामान इस मेले में उपलब्ध रहेगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, मंदसौर, विदिशा, ग्वालियर, राजगढ़, सागर, श्योपुर, आगर-मालवा बैतूल, जबलपुर, नरसिंहपुर एवं गुना जिलों से समूहों की दीदियां सामग्री लेकर आ रही हैं। सामग्री बेचने के लिये भोपाल हाट में लगभग 40 स्टॉल लगाई जा रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण आजीविका मिशन हर्षिका सिंह ने बताया कि यह मेला अन्य मेलों की तुलना में अलग है। मेले में शोभादार पौधों में गुलाब, सेवंती, डहेलिया आदि, आस्था के पौधों में तुलसी, शमी, बेल आदि, सब्जी



की पौधों में टमाटर, मिर्च, गोभी, पत्ता गोभी, ग्राफ्टेड सब्जी में बैगन के पौधे उपलब्ध रहेंगे। उन्नत फलदार वृक्षों में ग्राफ्टेड आम, अमरूद (थाई पिंक थाई) नींबू (सीड लेस), संतरा, चीकू, अनार आदि विशेष रूप से उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा जैविक खाद, केंचुआ खाद, उपलब्ध रहेंगे। मेले में आने वाले लोगों के लिये विभिन्न प्रकार के फ्रेश जूस, फ्रूट सलाद, हर्बल पेय आदि भी मिलेंगे। मेला प्रति दिन 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुलेगा।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गौपूजा



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर में ब्राह्मण समाज द्वारा गौ पूजा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मणों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर गायों को स्नान कराकर उन्हें हल्दी, चावल एवं पुष्प अर्पित किए गए।

**फैसला** — अनावेदकों को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

# ननि के असिस्टेंट इंजी. भर्ती परीक्षा पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल नगर निगम की असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती परीक्षा पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने आयुक्त नगरीय प्रशासन, कर्मचारी चयन मंडल, नगर निगम भोपाल के आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है। दरअसल भोपाल निवासी अंकित पटेल व अन्य की ओर से अधिवक्ता एलसी पटने ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि नगर निगम आयुक्त ने कर्मचारी चयन बोर्ड को परीक्षा आयोजित नहीं करने का अनुरोध भेजा था। इसके बावजूद बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा 23 जनवरी को आयोजित है। निवेदन किया गया है कि यदि परीक्षा आयोजित की जाती है तो तीसरे पक्ष का हित उत्पन्न होगा और अनावश्यक मुकदमे बाजी बढ़ सकती है। गौरतलब है कि विगत 30 अक्टूबर को महापौर परिषद की बैठक में यह मामला सामने आया था। बताया गया कि इन पदों की भरती के लिए निगम की कोई औपचारिक सहमति नहीं ली गई। परिषद ने इसे पूरी तरह नियम विरुद्ध करार दिया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।



### दोषी पाये जाने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं

मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि जनभागीदारी समिति की राशि में हेरफेर के मामले में जांच के बाद शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर की प्राचार्य के खिलाफ जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने उच्च शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा आयुक्त, अतिरिक्त संचालक सागर संभाग, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल यह मामला सागर निवासी नितिन शर्मा की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, पुष्पेंद्र कुमार शाह, अखिलेश प्रजापति ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की पूर्व प्रभारी प्राचार्या डॉ. सरोज गुप्ता के विरुद्ध गठित उच्च शिक्षा विभाग गठित जाँच समिति की रिपोर्ट पर राज्य सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मकरोनिया के प्राचार्य डॉ. एसी जैन एवं प्रोफेसर डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव शामिल थे। जाँच रिपोर्ट में बताया कि डॉ. सरोज गुप्ता द्वारा वरिष्ठता सूची में हेराफेरी कर स्वयं को प्राचार्य नियुक्त करवाया है। यह भी पाया है कि डॉ. सरोज गुप्ता प्राचार्य के पद का दुरुपयोग कर महाविद्यालय की जनभागीदारी निधि से संबंधित दो करोड़ रुपये की एफडी को बिना अनुमति तुड़वाया है।

# नवीनीकरण: 461 स्कूलों ने नहीं दिया आवेदन, होगी तालाबंदी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के पहली से आठवीं तक के 461 निजी स्कूल आगामी सत्र 2026-27 की मान्यता नवीनीकरण या नवीन मान्यता के आवेदन नहीं कर पाए हैं। इससे उनके बंद होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। निजी स्कूलों को पहली से आठवीं की कक्षाएं संचालित करने के लिए मान्यता और मान्यता नवीनीकरण देने का दायित्व राज्य शिक्षा केंद्र के पास है। स्कूल संचालित करने संचालकों को राज्य शिक्षा केंद्र से मान्यता लेना होती है। उनका नवीनीकरण तीन साल में होता है। वर्तमान में पूर्व से संचालित स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया चल रही है। पिछले साल से मान्यता नवीनीकरण में शासन द्वारा पंजीकृत किरायानामा बनवाने की अनिवार्यता कर दी है। इसके साथ ही पहली से आठवीं तक के निजी स्कूलों को तीस हजार की एफडी और 12 हजार के शुल्क का भुगतानकरना होता है।

### स्कूल और मदरसों के अलग-अलग नियम

प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मप्र समेत देशभर में आइटीई का नियम लागू है। इसके बाद भी मान्यता के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा शुल्क वसूला जा रहा है। प्रदेश में मान्यता के लिए पृथक-पृथक नियम बने हुए हैं। मदरसों को बिना मान्यता के पांचवीं-आठवीं की परीक्षा में शामिल किया जाता है। जबकि सामान्य स्कूलों के लिए मनमाने नियम थोपे जा रहे हैं। सरकार ने मान्यता के नियमों को बहुत जटिल कर दिया है। इससे सबसे अधिक कठिनाई ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही है। जब से प्रदेश में प्रायवेट स्कूल प्रारंभहुए हैं, तब से नोटरीकृत किरायानामा को महत्व दिया गया था। अब संपदा 2.0 में पंजीकृत किरायानामा कर दिया है।

राजधानी का तापमान/मौसम

अधिकतम 27.4°c | न्यूनतम 17.4°c

राजधानी में सर्दी का मौसम धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। शर्दी कम रहेगी।


• 11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
www.dainikjagranmpcg.com


## नगर में आज

### ट्रेडिशनल डे
- समय: सुबह 11 बजे से
- स्थान: भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज

### टिबरिल मेस्लांग
- समय: प्रतिदिन 12 बजे से
- स्थान: इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में

### चित्र प्रदर्शनी
- समय: प्रतिदिन 12 बजे से
- स्थान: लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय

### भजन कॉन्सर्ट
- समय: शाम 6:30 बजे
- स्थान: खुशीलाल कॉलेज ग्राउंड

### महाभारत समागम
- समय: शाम 7 बजे
- स्थान: भारत भवन

# नहीं बन सके रिचार्ज डिपो, मई तक शुरू हो सकेगा ई-बसों का संचालन

## पहले चरण में मिलना हैं 100 इलेक्ट्रिक बसें, डिपो निर्माण में देरी से जून तक 50 बसें मिलेंगी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में पिछले आठ माह से चरमराई हुई पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवा अगले 5 माह में भी पटरी पर लौटने वाली नहीं है, क्योंकि शहर सरकार को प्रधानमंत्री ई बस सेवा के तहत मिलने वाली 100 ई बसों का संचालन जून से पहले शुरू होते हुए नहीं दिख रहा है। दरअसल इन बसों की चार्जिंग और मेंटेनेंस के लिए बनने वाले बैरागढ़ और कस्तूरबा नगर में प्रस्तावित ई-बस डिपो का निर्माण तय समय से पीछे चल रहा है। वर्तमान में बैरागढ़ स्थित ई-बस डिपो का काम केवल 50 फीसदी पूरा हुआ है, जबकि कस्तूरबा नगर में अब तक निर्माण ही शुरू नहीं हो सका है, जिसके चलते फिलहाल बसों का संचालन शुरू होने की उम्मीद नहीं है। बता दें कि डीजल बसों को शहर से बाहर करने के लिए शहर के लिए ई बसों का संचालन शुरू किया जाना है। दोनों ही स्टेशन करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से बनना हैं।



### यह है दोनों डिपो की स्थिति

संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) स्थित डिपो का निर्माण कार्य लगभग 50 फीसदी पूरा हो चुका है। इस स्टेशन में चार्जिंग इंफास्ट्रक्चर और अन्य सुविधाओं का काम तेज गति से चल रहा है। कस्तूरबा नगर में फिलहाल स्थान तय हुआ है, लेकिन यहां अब तक नींव भी नहीं रखी गई है। जिसके कारण पूरे प्रोजेक्ट की टाइमलाइन प्रभावित हो रही है। दोनों डिपो में हाई-कैपेसिटी चार्जिंग स्टेशन, ट्रांसफॉर्मर, मेंटेनेंस वर्कशॉप और पार्किंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। दोनों स्टेशनों पर बसों को रिपेयर करने के साथ इनकी चार्जिंग भी की जा सकेगी और इनका मेंटेनेंस कार्य भी यहीं पर होगा। जब तक दोनों स्टेशन 100 फीसदी तैयार नहीं हो जाते हैं, तब तक शहर में 100 सिटी बसों का संचालन संभव नहीं है। निगम के सूत्र बता रहे हैं कि मई तक बैरागढ़ डिपो का काम पूरा होने के बाद 50 ई-बसों का ही संचालन शुरू हो पाएगा। यही कारण है कि ई बसों का संचालन शुरू करने में देरी हो रही है।

### संचालन शुरू करने से पहले होगा ट्रायल

शहर में ई बसों का संचालन शुरू करने से पहले कुछ समय तक शहर के विभिन्न इलाकों में इनका ट्रायल भी किया जाएगा। ताकि शहर के अंदर स्थित उतरा चढ़ाव वाले क्षेत्रों में बसों का परफार्मेंस चेक किया जा सके। साथ ही प्रत्येक ई बस चार्ज होने के बाद कितने किमी चलेगी। इसका भी ट्रायल किया जाएगा। इन सभी पैमानों पर बसों को उपयुक्त पाए जाने पर इनका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

> मई तक बैरागढ़ स्थित बस डिपो का काम पूरा हो जाने की संभावना है। इसके बाद 50 ई बसों का संचालन शुरू कर देंगे।
>
> ■ **प्रमोद मालवीय**, कार्यपालन यंत्री नगर निगम भोपाल

# राजधानी में टूटा रिकार्ड सीजन की सबसे गर्म रात

▸▸ न्यूनतम पारा पहुंचा 17.4 डिग्री ▸▸ यह सामान्य से 7 डिग्री ज्यादा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में बीती रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही। रात का पारा 17.4 डिग्री तक पहुंच गया, जो कि सामान्य तौर पर 10 से 12 डिग्री के बीच रहता है। गुरुवार की रात यह 11 डिग्री थी। सिर्फ 24 घंटे बाद यह उछलकर 17.4 डिग्री पर पहुंच गया, जो कि सामान्य से 7 डिग्री ज्यादा है। रात में तापमान 17 डिग्री होने के कारण लोगों को ठंड का एहसास नहीं हुआ, बल्कि कई घरों में पंखे चालू कर दिए गए। मौसम बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को भोपाल में दिन का अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री रहा।

**इसलिए आया तापमान में उछाल3** मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की रात पारे में उछाल का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ है। उत्तर-पश्चिम में बना पश्चिमी विक्षोभ बीती रात बहुत तेज गति से गुजर गया, जिस कारण मप्र के अधिकतर जिलों में रात का पारा अचानक से ऊपर चला गया। शुरू में यह संभावना जताई गई थी, पश्चिमी विक्षोभ का असर दो से तीन दिन तक रहेगा और रात का पारा धीरे धीरे ऊपर जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पश्चिमी विक्षोभ आया और तेजी से गुजर गया। यही कारण है कि एक ही रात में पारा 7 डिग्री तक ऊपर चला गया।

### नया सिस्टम कराएगा 26 तक बारिश

मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार उत्तर पाकिस्तान के ऊपर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसकी ऊंचाई (9.4 किमी) और इसका उत्तर-पश्चिम की ओर झुकाव यह दर्शाता है कि यह एक शक्तिशाली चक्रवातीय तंत्र है। जब कोई सिस्टम ऊंचाई के साथ झुकता है, तो वह और अधिक तीव्र हो जाता है। जबकि एक एक ट्रफ (कम दबाव की रेखा) उत्तर पाकिस्तान से लेकर उत्तर-पूर्वी अरब सागर तक फैली हुई है। इसका मतलब यह रेखा अरब सागर से नमी खींचकर उत्तर भारत की ओर लाने के लिए एक कन्वेयर बेल्ट का काम कर रही है। इससे बारिश और बर्फबारी की संभावना बढ़ जाती है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ का विलय इसी सिस्टम में हो गया है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे दो छोटे तूफान मिलकर एक बड़ा रूप ले लें। इससे सिस्टम की ताकत और बढ़ गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 26 जनवरी या उसके बाद मप्र के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

## राजपूत समाज संस्था ने बढ़ाया छात्रवृत्ति का दायरा




**भोपाल।** मध्य प्रदेश राजपूत समाज संस्था की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक चार इमली स्थित महाराणा प्रताप भवन पर हुई। संस्था प्रदेश अध्यक्ष लेफ्टिनेंट विनय भदौरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित प्रांतीय पदाधिकारियों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों ने सर्वसम्मति से सामाजिक हित के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। संस्था उपाध्यक्ष रामवीर सिंह सिकरवार के सुझाव पर संस्था द्वारा चलाई जा रही स्मृति छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत समाज के 100 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य रखा गया है। अब इस योजना के तहत कक्षा 10वीं में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं और 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को भी 1000 प्रति माह कक्षा 11वीं एवं 12वीं के लिए दिए जाएंगे। संस्था द्वारा महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप भवन पर अन्य सामाजिक संस्थाओं के वृहद सामूहिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## मोबाइल टावरों से 5जी नेटवर्क के उपकरण चोरी

**जागरण, भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक मोबाइल टावर से 5जी नेटवर्क के उपकरण चोरी कर लिए। 45 वर्षीय दीपेंद्र शुक्ला कटारा हिल्स में रहते है। वह जियो कंपनी में साइट टेक्नीशियन के पद पर काम करते हैं। जियो का मोबाइल टावर रविंद्रनाथ टैगोर मल्टी, साकेत नगर क्षेत्र में स्थापित है। बीते दिनों जब दीपेंद्र शुक्ला टावर की जांच के लिए पहुंचे, तो 5जी बीबीयू उपकरण गायब मिले। इसके बाद उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी। बाद में दीपेंद्र ने थाने में उपकरण चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## वार्डन की फटकार के बाद छात्रा ने लगाई थी फांसी

**जागरण, भोपाल।** आरजीपीवी परिसर स्थित यूआईटी-आरजीपीवी गर्ल्स हॉस्टल में बीटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा सव्याश्री मुनागला (19) द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में हॉस्टल वार्डन की भूमिका और कॉलेज प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छात्रा के सीनियर आर्यमन देशमुख का कहना है कि सव्याश्री को वार्डन द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उसने आरोप लगाया कि वार्डन ने छात्रा को एक युवक के साथ देखकर फटकार लगाई थी और उसके वीडियो भी बना लिए थे, जिन्हें परिजनों को भेज दिया गया। बदनामी के डर से सव्याश्री फांसी लगाने जैसा कदम उठाया।

**गोकशी मामला:** डीलर और सप्लायर की तलब की गई सूची

## एसआईटी ने मांगी स्लॉटर हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जिंसी स्लॉटर हाउस में गोकशी मामले की जांच एसआईटी कर रही है। एसआईटी ने अब सीधे तौर पर स्लॉटर हाउस में काम करने वाले कर्मचारियों की जानकारी नगर निगम से मांगी। सभी के पते और जानकारी पुलिस ने तलब की है। इसके साथ ही, गौ तस्करी के संभावित रूट को लेकर भी पूछताछ तेज कर दी गई है। पुलिस जानकारी ले रही है कि मांस कहां से आता था और कहां जाता था। सभी डीलर और सप्लायर की जानकारी भी मांगी है। पुलिस की कोशिश है कि मांस की सप्लाई चेन, परिवहन मार्ग और शामिल हर कड़ी को चिन्हित किया जा सके। एसआईटी ने स्लॉटर हाउस में कार्यरत स्थायी, अस्थायी और ठेके पर लगे कर्मचारियों की सूची मांगी है। इसके समानांतर एसआईटी ने गौ तस्करी के रूट पर भी फोकस बढ़ा दिया है। आरोपियों से जानकारी जुटाई जा रही है कि मवेशियों को कहां से लाया जाता था, किन रास्तों से स्लॉटर हाउस तक पहुंचाया जाता था और इसके बाद मांस की सप्लाई किन शहरों या राज्यों तक होती थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो इस मामले से जुड़े सभी नगर निगम कर्मचारियों के भी बयान दर्ज किया जा रहे हैं। कुछ लोगों को गुरुवार को बुलाया गया था और कुछ लोगों को शुक्रवार को तलब किया गया है। हालांकि क्या बात हुई, यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

**यह है पूरा मामला:** कुछ दिन पहले स्लॉटर हाउस से 26.5 टन संदिग्ध मांस पकड़ा गया था, जिसके बाद गोकशी का मामला सामने आया। जांच में असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा को मुख्य आरोपी बनाया गया, जबकि कंटेनर चालक शोएब को गिरफ्तार किया गया। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र के निर्देश पर एसीपी उमेश तिवारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई, जो अब न सिर्फ आरोपितों, बल्कि नगर निगम के कर्मचारियों और प्रशासनिक चूक की भी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज गायब होने और रिकार्ड में हेरफेर के आरोपों ने इस पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

# नोटिस भेजने में लेटलतीफी, नो मैपिंग वाले 27 हजार मतदाताओं ने ही जमा कराए दस्तावेज

## नई मतदाता सूची में नाम जुड़वाने 66231 ने किया आवेदन, 41116 के नाम पते बदलेंगे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के तहत 5 जनवरी से नो मैपिंग वाले 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को दस्तावेज जमा कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे थे, लेकिन नोटिस तामील करवाने में हुई लेटलतीफी के चलते 23 जनवरी तक जिले के केवल 27 हजार 104 मतदाता ही अपने दस्तावेज जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा नियुक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को जमा करवा चुके हैं, जबकि 89 हजार 821 मतदाता अब तक अपने जवाब एईआरओ को प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। इसका कारण मतदाताओं को नोटिस भेजने में हुई लेटलतीफी है। अब अधिकारियों के सामने चुनौती है कि अगले 22 दिनों में सभी मतदाताओं के दस्तावेज जमा करवाने के साथ ही इनके नाम मतदाता सूची में भी जोड़े जाएं। यदि मतदाताओं के दस्तावेज 14 फरवरी तक शहर में स्थापित 93 सुनवाई केंद्र में जमा नहीं होते हैं, तो इनके नाम मतदाता सूची से काट दिए जाएंगे। गौरतलब है कि नई मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी तक किया जाना है। इसके अलावा 22 जनवरी तक मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने व नाम पते में संशोधन का कार्य भी किया जा रहा था। जिसके तहत जिले में 66 हजार 231 मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। नाम, पता व मोबाइल नंबर बदलवाने के लिए 41 हजार 116 ने आवेदन किया है और मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए भी 7 हजार 308 मतदाताओं ने आवेदन किया है।



### सभी मतदाताओं को भेजे गए नोटिस

| विधानसभा | सुनवाई पूरी हुई | फार्म-6 | फार्म-7 | फार्म-8 |
|---|---|---|---|---|
| बैरसिया | 1190 | 3859 | 398 | 2080 |
| उत्तर | 2970 | 9061 | 233 | 5068 |
| नरेला | 3145 | 13756 | 4843 | 6727 |
| द. पश्चिम | 4156 | 5390 | 465 | 3550 |
| मध्य | 2165 | 6574 | 253 | 4482 |
| गोविंदपुरा | 10917 | 16082 | 518 | 9737 |
| हुजूर | 2561 | 11590 | 598 | 9472 |
| कुल | 27104 | 66231 | 7308 | 41116 |

### सभी मतदाताओं को भेजे गए नोटिस

शुक्रवार शाम तक जिले के सभी 1 लाख 16 हजार 925 मतदाताओं को नोटिस भेजने का काम कर दिया गया। इसके पहले एसआईआर कार्यक्रम के तहत जिले की मतदाता सूची से 4 लाख 38 हजार 875 मतदाताओं के नाम सूची से काट दिए गए हैं। जबकि केवल 66 हजार 231 मतदाताओं ने ही नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। इस तरह 21 फरवरी के बाद मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या में बड़ी कटौती देखते को मिल सकती है।

# रेलवे का किसानों के साथ छलावा, मिट्टी चोरी की शिकायत के बाद सड़क निर्माण रोका गया

## बिल्डर और कंपनी के दबाव में रेल अधिकारी, वंदे भारत मेंटेनेंस हब के कारण किसान हो रहे परेशान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेलवे द्वारा किसानों के साथ एक बार फिर से छलावा या वादाखिलाफी का मामला सामने आया है। मामला वंदे भारत ट्रेन मेंटेनेंस हब निर्माण से जुड़ा है। इस मेंटेनेंस हब के कारण कोच फैक्ट्री के आस पास के 100 से ज्यादा किसान सीधे तौर पर न सिर्फ प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि परेशान भी हो रहे हैं। मेंटेनेंस हब के कारण किसानों का अपने खेतों तक पहुंच मार्ग बंद हो गया था। जिसे लंबे आंदोलन के बाद रेलवे ने फिर से खोला, लेकिन हाल ही में इस रास्ते से हो रही मिट्टी चोरी की शिकायत किसानों ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से की थी। जिसके बाद रेलवे व निजी कंपनी ने वह सड़क बनाने से इंकार कर दिया, जिसे पहले रेलवे किसानों के लिए बनाकर दे रहा था।




**क्या है पूरा मामला:** किसानों ने अपने खेतों पर पहुंचने के लिए रेलवे से मार्ग मांगा था। इसमें रेलवे ने अपनी तरफ 3.5 मीटर जमीन दी, किसानों ने भी 3.5 मीटर जमीन दी। इस जमीन पर एक कच्ची सड़क का निर्माण रेलवे कर रहा था, जैसा कि रेलवे अधिकारियों जमीन देते समय वादा किया था। इस कच्ची सड़क के लिए रेलवे की ओर मिट्टी उपलब्ध कराई जा रही थी। यह मिट्टी वंदे भारत मेंटेनेंस हब के लिए खोदे जा रहे ट्रेक से आ रही थी। ठेका कंपनी यहां से मिट्टी खोदकर कच्ची सड़क पर डाल रही थी। हाल ही में एक बिल्डर द्वारा ठेका कंपनी से मिलीभगत कर सड़क पर डाली गई मिट्टी को चोरी किया जा रहा था। जिसकी शिकायत किसानों द्वारा रेलवे के गति शक्ति विभाग के अधिकारी से की गई।

**ठेका कंपनी के मैनेजर ने किया इंकार:** किसानों की ओर से मामले को उठाने वाले अरविंद मालवीय ने बताया कि मेंटेनेंस कंपनी के मैनेजर रंजीत द्वारा बिल्डर को मिट्टी उपलब्ध कराई गई है। जब मुद्दा उठाया तो मैनेजर रंजीत ने अब कच्ची सड़क निर्माण के लिए मिट्टी देने से मना कर दिया है।

# कार-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**जागरण, भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र में कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संतोष कुमार मालवीय (53) पिता नर्मदाप्रसाद मालवीय अमराव खुर्द में रहते थे। वे एक रेलवे अधिकारी के यहां ड्राइवर की नौकरी करते थे। गुरुवार पांच बजे संतोष अपनी बाइक से घर जा रहे थे। तभी बीडीए रोड पर एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात कार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इधर, एमपी नगर थाना क्षेत्र में दो साल पहले एक्सीडेंट में घायल हुए रोहित मुकाती (27) निवासी सीहोर की इलाज के दौरान मौत हो गई।








**सफलता** दूध से निकलने वाले एक्सोसोम को बनाया हथियार, दिमाग तक दवा पहुंचाने में मिलेगी मदद

# एम्स ने अल्जाइमर व पार्किन्संस का तलाशा कारगर इलाज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अल्जाइमर, पार्किन्सन, और एएलएस जैसी दिमाग व न्यूरोसिस्टम से जुड़ी बीमारियां अब लाइलाज नहीं रहेंगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल ने इन बीमारियों के इलाज में बहुत हद तक सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार एम्स के बायो कैमिस्ट्री विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुखेस मुखर्जी के नेतृत्व में एक अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में यह पता चला है कि दिमाग या न्यूरो सिस्टम से जुड़ी बीमारियों के इलाज में जो दवा दी जाती है, उसे दिमाग या न्यूरोतंत्र तक पहुंचने में कठिनाई होती है। कई बार दवा बेअसर साबित होती है। जिससे मरीज की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आता, इसी के साथ समय बढ़ता रहता है और मरीज की स्थिति और बिगड़ जाती है।




### मुख्य न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग

1. **अल्जाइमर:** यह स्मृति और सोच को प्रभावित करता है। याददाश्त खोना, भ्रम, निर्णय लेने में कठिनाई यह इसके मुख्य लक्षण हैं।
2. **पार्किन्संस:** इस बीमारी में शरीर का संतुलन बिगड़ता है। हाथों में कंपन, शरीर में अकड़न मुख्य लक्षण हैं।
3. **एएलएस या मोटर न्यूरॉन रोग:** मांसपेशियों का नियंत्रण, चलने, बोलने और निगलने में समस्या।

### शोध में यह निकला निष्कर्ष

शोध में बताया गया है कि न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों के उपचार में रक्त मस्तिष्क अवरोध एक बड़ी चुनौती है, जिसे पार करना पारंपरिक दवा प्रणालियों के लिए कठिन होता है। एक्सोसोम आधारित नैनो वाहक इस बाधा को पार करने में सहायक हो सकते हैं। प्राकृतिक स्रोत से प्राप्त होने के कारण एक्सोसोम अत्यधिक जैव अनुकूल होते हैं और इनसे दवाओं की विषाक्तता कम होती है। साथ ही, यह दवाओं की स्थिरता और शरीर में उनकी उपलब्धता को भी बेहतर बनाते हैं, जिससे उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है।

### रिसर्च डे पर किया प्रकाशित

यह शोध एम्स भोपाल में आयोजित चौथे रिसर्च डे के दौरान प्रस्तुत किया गया, जहां इसके रोगी केंद्रित और व्यावहारिक उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। अध्ययन के निष्कर्ष संकेत देते हैं कि भविष्य में न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों के उपचार में एक्सोसोम आधारित थेरेपी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### जानिए न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग के बारे में

न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग उन स्थितियों का एक समूह है, जिनमें हमारे मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र की कोशिकाएं समय के साथ कार्यक्षमता खो देती हैं या मरने लगती हैं। चूंकि न्यूरॉन्स आमतौर पर खुद को पुनर्जीवित नहीं कर सकते, इसलिए इनका नुकसान स्थायी होता है।

### अब जानिए दूध से प्राप्त एक्सोसोम का महत्व

दूध से प्राप्त एक्सोसोम वर्तमान में चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में क्रांतिकारी खोज माने जा रहे हैं। वैज्ञानिक अब गाय, भैंस व ऊंट के दूध से इन एक्सोसोम्स को निकालकर दवाओं व सप्लीमेंट्स के रूप में इस्तेमाल करने पर शोध कर रहे हैं। एक्सोसोम मस्तिष्क की सुरक्षा परत पार कर सकते हैं, जो न्यूरोडी जेनेरेटिव रोगों के इलाज के लिए बड़ी चुनौती है। दूध के एड्क्सोसोम पोषण ही नहीं देते, बल्कि शरीर में संदेशवाहक का काम करते हैं। इनमें विशेष प्रकार के माइक्रो होते हैं जो मस्तिष्क की सूजन को कम करने और न्यूरॉन्स की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## दुर्गम इलाकों के जोखिमों ने उठाए गंभीर सवाल

*सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए। जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है।*

*उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है।*

*अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है।*

*जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है।*

*ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है।*

*ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।*

*सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।*

प्रसंगवश

## राज्यपाल और सरकारों के बीच टकराव उचित नहीं

*भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में सत्ता किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, राज्यों में विरोधी दलों की सरकारों व राज्यपालों में टकराव की खबरें दशकों से अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। जनसरोकारों की रक्षा व राज्य सरकारों की बेलगाम नीतियों पर संतुलन के लिये सृजित यह संवैधानिक पद गाहे-बगाहे विवादों की चपेट में आता रहा है। बहुमत की सरकारों को गिराने के खेल पिछली सदी में भी सुर्खियों में रहे हैं। इस कड़ी में कर्नाटक विधानसभा में घटा ताजा अप्रिय घटनाक्रम भी जुड़ गया। ऐसे में राजभवनों को लोकभवन बनाने को यथार्थ में बदलने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह, कर्नाटक विधानसभा में जो भी कुछ घटा वह राजभवन व निर्वाचित सरकारों के बीच जारी टकराव का एक निचला स्तर ही कहा जा सकता है। खासकर उन राज्यों में जहां राजग की सरकारें नहीं हैं। दरअसल, विधानसभा में मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार किए गए पाठ को छोड़कर पारंपरिक संबोधन को केवल कुछ पंक्तियों में सीमित करने के निर्णय के बाद कर्नाटक में एक नया विवाद खड़ा हो गया। जिसका प्रभाव कांग्रेस शासित दक्षिणी राज्य के अलावा भी बहुत दूर तक महसूस किया गया। निर्विवाद रूप से नये साल के पहले सदन की शुरुआत में राज्यपाल का संबोधन एक संवैधानिक परंपरा रही है। यह राज्यपाल के व्यक्तिगत बयान के बजाय राज्य सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं का औपचारिक विवरण होता है। लेकिन सत्र की शुरुआत में राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपने द्वारा तैयार किया गया संक्षिप्त भाषण देकर सदन से बाहर चले गए। राज्य की कांग्रेस सरकार ने उन पर केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने का आरोप लगाया। उल्लेखनीय है यहां यह तल्ख टकराव हाल में तमिलनाडु और केरल विधानसभा में हुए अप्रिय घटनाओं के बाद सामने आया है। विडंबना है कि ऐसी ही असहमतियां, हाल के वर्षों में आम हो चली हैं। जिसे भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता है।*


*दरअसल, विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों वाली सरकारों के मुखिया आरोप लगाते रहे हैं कि अधिकतर राज्यों में राज्यपाल का उपयोग केंद्र सरकार के राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने वाले साधन के रूप में ही किया जा रहा है। निस्संदेह, राज्यों में राज्यपालों से उम्मीद की जाती है कि वे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक निष्पक्ष पुल का दायित्व निभाएं। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी राज्यपाल को मसविदा संबोधन पर आपत्ति उठाने का अधिकार तो होता है, लेकिन इसके प्रत्युत्तर में संवैधानिक नैतिकता भी अपरिहार्य है। निश्चित रूप से ऐसी किसी भी असहमति को संवाद के माध्यम से हल करने की जरूरत होती है। राज्यपाल और राज्य सरकारों को सदन के भीतर आमने -सामने की भिड़ंत से हर हाल में बचने का प्रयास करना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी भी राज्यपाल और राज्य सरकार का अंतिम लक्ष्य जनता के हितों की रक्षा करना ही होता है। लेकिन किसी भी स्थिति में जब राज्यपाल और राज्य सरकारें विपरीत उद्देश्यों के लिये काम करने लगते हैं, तो शासन की गुणवत्ता का प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। निर्विवाद रूप से यह केवल अहम का टकराव मात्र नहीं है। यह सरोकारों के संघवाद की भी एक परीक्षा है। उल्लेखनीय है कि आजकल केंद्र सरकार राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन बनाने की मुहिम चला रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि राजभवन का संबोधन औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। निस्संदेह लोकतंत्र में राजभवन राजतंत्र का पर्याय होने का आभास देता है। लोकतंत्र में लोकभवन सही मायनों में लोक का ही प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन यह लोकभवन शब्द तब ही सार्थक हो सकता है जब जनता के हितों को राजनीतिक टकराव से ऊपर रखा जाएगा। निश्चित रूप से सत्ता के दोनों ही केंद्रों को जनादेश का सम्मान ईमानदारी से करना ही चाहिए। यह भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये अपरिहार्य शर्त भी है जिसका पालन राज्यपाल व राज्य सरकारों को पूरा करना ही चाहिए।*



दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन

# जमीन के नीचे 44 प्लेटफॉर्म, 100 साल पुराना इतिहास!

**अगर आप सोचते हैं कि रेलवे स्टेशन सिर्फ शोर और भीड़ की जगह होते हैं, तो यह खबर आपकी सोच बदल देगी। दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन 44 प्लेटफॉर्म और 67 ट्रैक के साथ जमीन के नीचे एक पूरी व्यवस्था चलाता है, जहां लाखों लोग रोज सफर करते हैं, लेकिन अफरा-तफरी नजर नहीं आती।**



जब बात रेलवे स्टेशन की आती है, तो हमारे मन में शोर और भीड़ की तस्वीर उभरती है। लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन इस मामले में बिल्कुल अलग और अनूठा है। अमेरिका के न्यूयार्क शहर के बीचों-बीच स्थित ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल सिर्फ अपनी विशालता के लिए नहीं, बल्कि अपनी शांति और भव्यता के लिए भी जाना जाता है। 44 प्लेटफॉर्म और 67 ट्रैक वाला यह स्टेशन इंजीनियरिंग का एक ऐसा बेजोड़ नमूना है, जहां हर दिन लाखों मुसाफिरों का आना-जाना लगा रहता है, फिर भी यहां कभी अव्यवस्था महसूस नहीं होती। इतना ही नहीं, 1913 में बना यह स्टेशन आज के आधुनिक दौर में भी पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बना हुआ है। न्यूयार्क की धड़कन माना जाने वाला यह स्टेशन अपनी भव्यता को आज भी बरकरार रखे हुए है।

### मिडटाउन मैनहट्टन की ऐतिहासिक पहचान

न्यूयार्क के सबसे महत्वपूर्ण इलाके मिडटाउन मैनहट्टन में 42वीं स्ट्रीट और पार्क एवेन्यू के चौराहे पर स्थित यह स्टेशन शहर की भौगोलिक और सामाजिक धुरी है। इसका स्थान इतना महत्वपूर्ण है कि इसके चारों ओर बड़े-बड़े दफ्तर, स्कूल, लाइब्रेरी और ऐतिहासिक इमारतें मौजूद हैं। यह स्टेशन सिर्फ ट्रेनों के आने-जाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह न्यूयार्क और इसके पड़ोसी राज्यों के दैनिक जीवन को एक सूत्र में जोड़ता है। इतना ही नहीं, इसकी सटीक लोकेशन की वजह से ही यह दुनिया के सबसे व्यस्त और व्यवस्थित केंद्रों में से एक बना हुआ है।

### दो मंजिला अंडरग्राउंड स्टेशन और 44 प्लेटफॉर्म का जाल

आमतौर पर बड़े स्टेशनों पर भी जगह की कमी के कारण अफरा-तफरी देखी जाती है, लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन इसके बिल्कुल विपरीत है। यहां के 44 प्लेटफॉर्म और 67 ट्रैक को दो अलग-अलग अंडरग्राउंड लेवल्स (स्तरों) पर बड़ी ही चतुराई से बांटा गया है। इस जादुई डिजाइन की वजह से सुबह के व्यस्त घंटों में भी सैकड़ों ट्रेनें बिना किसी शोर और भीड़भाड़ के अपनी मंजिल तक पहुंचती हैं। न्यूयार्क जैसे भागदौड़ वाले शहर के बीच ऐसी व्यवस्था किसी अजूबे से कम नहीं लगती।

### 100 साल पुरानी इंजीनियरिंग जो आज भी है बेमिसाल

हैरानी की बात यह है कि इस भव्य टर्मिनल का निर्माण उस दौर में हुआ था जब आधुनिक तकनीकें और मशीनें मौजूद नहीं थीं। इसके बावजूद, इसके डिजाइन ने उन समस्याओं का समाधान पहले ही ढूंढ लिया था जो बड़े शहर आज भी झेल रहे हैं। यहां के ढलान वाले प्लेटफॉर्म ट्रेनों को प्राकृतिक रूप से धीमा करने में मदद करते हैं और इसके छिपे हुए स्तर लंबी दूरी की ट्रेनों को लोकल मुसाफिरों से अलग रखते हैं। इतना ही नहीं, इसकी हर बारीक डिजाइन मुसाफिरों का समय और ऊर्जा बचाने के लिए तैयार की गई है।

### शानदार रेस्तरां और विशाल फूड मार्केट

ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल की पहचान केवल पटरियों और ट्रेनों तक सीमित नहीं है। मुसाफिरों की सुविधा के लिए इस परिसर में शानदार रेस्तरां, दुकानें और एक विशाल फूड मार्केट मौजूद है। इस इमारत की सबसे अनूठी विशेषता इसकी ऊंची छत है, जिसे नक्षत्रों और तारों की बेहद खूबसूरत पेंटिंग से सजाया गया है। इस कलाकारी का आकर्षण इतना अधिक है कि बहुत से लोग सिर्फ छत को निहारने और मुख्य हॉल के बीचों-बीच लगी ऐतिहासिक घड़ी के पास दोस्तों से मिलने पहुंचते हैं। भारी भीड़ के बावजूद, स्टेशन का डिजाइन हर मुसाफिर को एक निजी और सुकून भरा अहसास देता है।

फिटनेस अपडेट

क्या है ज्यादा फायदेमंद?

# 30 मिनट की एक्सरसाइज या 10 हजार कदम

**"रोज 30 मिनट की एक्सरसाइज शरीर को मजबूत बनाती है और मानसिक स्वास्थ्य सुधारती है, जबकि चलना पाचन और मूवमेंट के लिए फायदेमंद है। 10,000 कदम सभी के लिए जरूरी नहीं। 30 मिनट वर्कआउट और 4,000-8,000 कदम का संतुलन सबसे बेहतर है।**

● मितुशी अजमेरा ●
फिटनेस ट्रेनर



क्या दिन के अंत में आपको भी लगता है कि आज पर्याप्त एक्सरसाइज हुई या नहीं? कभी 30 मिनट का वर्कआउट हो जाता है लेकिन चलना-फिरना कम रहता है, तो कभी 10,000 स्टेप्स पूरे हो जाते हैं पर एक्सरसाइज नहीं हो पाती। फिटनेस ऐप्स के लगातार रिमाइंडर की वजह से यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सेहत के लिए असल में क्या ज्यादा जरूरी है। तो सवाल यह है कि क्या 30 मिनट की एक्सरसाइज काफी है या रोज 10,000 कदम चलना बेहतर? फिटनेस नियमों के अनुसार, दोनों के अपने फायदे हैं, लेकिन हर व्यक्ति के शरीर की जरूरत अलग होती है। इसलिए किसी भी रूटीन को अपनाने से पहले यह समझना जरूरी है कि आपके लिए क्या सही है।

### आखिर क्या बेहतर है?

30 मिनट की एक्सरसाइज और 10,000 कदम में से कोई एक ही सबसे अच्छा नहीं है। सबसे सही तरीका है दोनों का संतुलन। रोज 30 मिनट की स्ट्र. ड एक्सरसाइज के साथ 4,000-8,000 कदम चलना शरीर की ताकत, मूवमेंट, मेटाबॉलिज्म और पाचन के लिए बेहतर माना जाता है।

### 10,000 स्टेप्स की सच्चाई

10,000 कदम चलना लंबे समय से फिटनेस का गोल माना जाता है, लेकिन इसके पीछे पुख्ता वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। मितुशी अजमेरा के अनुसार, चलना, एनईएटी यानी नॉन एक्सरसाइज एक्टिविटी थर्मोजिनेसिस का हिस्सा है, यानी वह मूवमेंट जो एक्सरसाइज के अलावा रोज़मर्रा की दिनचर्या में होती है। चलने से ब्लड सर्कुलेशन, पाचन, जोड़ों की मूवमेंट और रीढ़ की सेहत बेहतर होती है। इसे दिनचर्या में आसानी से शामिल किया जा सकता है जैसे खाने के बाद, ऑफिस में या घर के काम के दौरान। इसके फायदे पाने के लिए 10,000 कदम एक साथ चलना जरूरी नहीं है। ब्रिंगम यंग यूनिवर्सिटी की रिसर्च बताती है कि बुजुर्गों में रोज करीब 7,000 कदम चलने से समय से पहले मौत का खतरा कम हो जाता है, और 10,000 से ज्यादा चलने का कोई अतिरिक्त फायदा नहीं दिखा।

### 30 मिनट की एक्सरसाइज क्यों जरूरी है?

- रोज 30 मिनट की एक्सरसाइज को हाई रिटर्न एक्टिविटी कहा जाता है। स्ट्र. ड वर्कआउट जैसे स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, योग, पिलाटेस, हाई इंटेंसिटी या रेजिस्टेंस ट्रेनिंग शरीर को सिर्फ चलाते नहीं, बल्कि उसे मजबूत भी बनाते हैं।
- अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हफ्ते में 150 मिनट की मध्यम या तेज एक्सरसाइज जरूरी है, जिसे 5 दिन रोज़ 30 मिनट एक्सरसाइज करके पूरा किया जा सकता है। इससे ताकत, बॉडी पोस्चर, संतुलन और मूवमेंट बेहतर होता है।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं, हड्डियों की घनता बढ़ती है और मेटाबॉलिज्म तेज होता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्थराइटिस के अनुसार, नियमित एक्सरसाइज से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा भी कम होता है। साथ ही यह ब्लड शुगर, हार्मोन और तनाव को कंट्रोल करने में मदद करती है।

### किन लोगों को 10,000 कदम चलने से बचना चाहिए?

हर किसी के लिए 10,000 कदम का लक्ष्य सही नहीं होता। नए लोग, घुटने, टखने, कूल्हे या कमर की समस्या वाले लोग, या जो पहले से बहुत एक्टिव हैं, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। अगर ज्यादा चलने से दर्द या थकान बढ़ रही है, तो रूटीन बदलना जरूरी है। शुरुआत में 4,000- 6,000 कदम चलना ज्यादा सुरक्षित और सही होता है।

टेक्नॉलॉजी अपडेट

# किससे बात कर रहे हैं बच्चे, पैरेंट्स को मिलेगी जानकारी



स्नैपचैट ने नए अपडेट्स का ऐलान कर दिया है। इस अपडेट के तहत फैमिली सेंटर में नए फीचर्स को जोड़ा गया है। ऐप पर पैरेंट्स की पावर को बढ़ाया गया है, जिससे वो बच्चों के अकाउंट पर बेहतर तरीके से नजर रख पाएंगे। लेटेस्ट अपेडट के तहत पैरेंट्स को बच्चों के अकाउंट्स के बेहतर इनसाइट मिलेंगे। हालांकि, इन जानकारियों को शेयर करते हुए प्राइवेसी का भी ध्यान रखा जाएगा। कंपनी ने फीचर्स को ग्लोबली रोलआउट किया है, जिसमें भारत भी शामिल है। कंपनी ने इस अपडेट को बच्चों की ऑनलाइन सेफ्टी को ध्यान में रखकर जारी किया है। स्नैपचैट का कहना है कि ये अपडेट पैरेंट्स और बच्चों के बीच इनफॉर्म्ड कन्वर्सेशन को बढ़ावा देने के लिए जारी किया गया है।

### प्राइवेट रहेगा कंटेंट

लेटेस्ट अपडेट के तहत फैमिली सेंटर में बच्चों के सोशल इंटरैक्शन की विजिबिलिटी को बढ़ाया गया है। पैरेंट्स देख पाएंगे कि किन यूजर्स के साथ उनके बच्चों की बातचीत ज्यादा है। इसके तहत पिछले 7 दिनों में बच्चों ने किससे ज्यादा बातचीत और दूसरी एक्टिविटीज की हैं, उसकी जानकारी पैरेंट्स को मिलेगी। हालांकि, मैसेज का कंटेंट प्राइवेट रहेगा। यानी क्या बातचीत हुई है ये पैरेंट्स नहीं देख पाएंगे।

### मिलेगा अलर्ट

इसके अलावा स्नैप मैप की ट्रांसपैरेंसी को बढ़ाया गया है। पैरेंट्स देख सकेंगे कि इस प्लेटफॉर्म पर उनके बच्चे अपनी लाइव लोकेशन किससे शेयर कर रहे हैं। हालांकि, पैरेंट्स रियल टाइम लोकेशन ट्रैक नहीं कर सकते हैं। किसी रिस्क का अंदाजा होने पर स्नैपचैट पैरेंट्स को अलर्ट करेगा। स्नैपचैट टीन्स के बीच में काफी पॉपुलर है। इसकी वजह से ऐप पर मिलने वाली प्राइवेसी है। हालांकि, ये प्राइवेसी ही पैरेंट्स की चिंता का विषय है। पहले पैरेंट्स को ऐप की प्राइवेसी की वजह से पता नहीं चलता था कि बच्चे ऑनलाइन किससे बातचीत कर रहे हैं। इस दिशा में स्नैपचैट लगातार काम कर रहा है। लेटेस्ट अपडेट्स भी इसी का हिस्सा है।

लेटेस्ट गैजेट

# स्मार्टफोन हुआ पुराना, आया एप्पल का छोटू गैजेट 'एआई पिन'

जल्द ही मार्केट में नजर आएगी 'एआई पिन', जिसमें दो कैमरे, तीन माइक और वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह अगले साल लॉन्च होगा। इसका साइज एप्पल एयर टैग के जैसा होगा। आने वाले दिनों में यह स्मार्टफोन के विकल्प में रूप में भी यूज होगा। एप्पल के नए प्रोजेक्ट में कैमरा, माइक और बैटरी भी होगी। यह एयर टैग के साइज का वियरेबल प्रोडक्ट होगा, जिसका साइज 10 रुपये के सिक्के के बराबर है। इस डिवाइस को कंपनी ऐसे डिजाइन कर रही है कि अपकमिंग एआई वियरेबल प्रोडक्ट को एल्यूमिनियम और ग्लास से तैयार किया जाएगा। साथ ही इसमें एआई सपोर्ट होगा। यह इंडिविजुअल काम कर सकेगा।



### 'एआई पिन' में होगा कैमरा और बहुत कुछ

रिपोर्ट के मुताबिक, वियरेबल 'एआई पिन' में कैमरा और कई सेंसर होंगे। इसमें एक स्टैंडर्ड लेंस, दूसरा वाइड एंगल लेंस दिया जाएगा। इसमें एक स्पीकर, एक फिजिकल बटन दिया जाएगा। इसमें वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट दिया जाएगा। यह साल 2027 में लॉन्च हो सकता है।

**एप्पल एयर टैग क्या है?** : एयर टैग एक लोकेशन फाइंडर डिवाइस है। इसको फाइंड माय एप के जरिए सेटअप किया जाता है। भारत समेत दुनियाभर में कई लोगों ने अपने चोरी हुए बैक और बाइक को खोज निकाला है। इसकी बैटरी पूरे एक साल तक का बैकअप देती है। ऐपल स्टोर पर एप्पल एयर टैग की कीमत 2,999 रुपये है।

उत्तराखंड में बना दिया 'पाकिस्तान'

# देहरादून के मालदेवता में हुई नई वार फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग

**फिल्म 'बॉर्डर 2' रिलीज होते ही दर्शकों में देशभक्ति का जबरदस्त जोश भर रही है। फिल्म में दिखने वाली पाकिस्तान की सरहद, बंकर और युद्ध के खतरनाक दृश्य असल में भारत की धरती पर ही रचे गए हैं। इस फिल्म की शूटिंग देश की कई ऐसी लोकेशन्स पर हुई है जिन्हें देखकर आप दंग रह जाएंगे।**

सनी देओल के जबरदस्त एक्शन और देशभक्ति के जुनून से सजी फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। साल 1997 में आई क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' की विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस सीक्वल ने आते ही दर्शकों के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्म के वो हैरान कर देने वाले युद्ध के सीन, जिन्हें देखकर हर कोई दांतों तले उंगली दबा लेगा, वे असल में कहां फिल्माए गए हैं? सच तो यह है कि पर्दे पर जिसे आप पाकिस्तान की खतरनाक सीमा और कंटीले तार समझ रहे हैं, वह हकीकत में भारत के ही कुछ बेहद खूबसूरत लेकिन दुर्गम इलाकों का हिस्सा है। दरअसल, फिल्म में सरहद का वो असली एहसास पैदा करने के लिए शूटिंग के दौरान भारत के ही कई शहरों को मिनी बॉर्डर में तब्दील कर दिया गया था।




### देहरादून बना मिनी बॉर्डर

फिल्म को पर्दे पर जीवंत बनाने के लिए मेकर्स ने उत्तराखंड के देहरादून को अपना मुख्य बेस बनाया। यहां के संतला देवी और मालदेवता क्षेत्र स्थित हल्दूवाला इलाके में बाकायदा एक विशाल सेट तैयार किया गया था, जिसमें एक तरफ भारत और दूसरी तरफ पाकिस्तान की सरहद दिखाई गई। शूटिंग के दौरान यहां का नजारा किसी असली फॉरवर्ड बॉर्डर पोस्ट जैसा लग रहा था, जहां चारों तरफ बंकर, सैन्य वाहन, टैंक और जवानों के टेंट तैनात थे। खुद सनी देओल ने तीन अलग-अलग मौकों पर यहां पहुंचकर अपने हिस्से के महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग पूरी की।

### दुर्गम इलाकों में हुई बॉर्डर 2 की शूटिंग

युद्ध के आक्रामक दृश्यों के अलावा फिल्म में ऋषिकेश और राजाजी टाइगर रिजर्व की प्राकृतिक सुंदरता को भी पिरोया गया है, जो दर्शकों को युद्ध के तनाव के बीच एक सुकून भरा अनुभव देती है। वहीं, टैंकों की गड़गड़ाहट और भारी गोलाबारी के दृश्यों को प्रामाणिक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित बबीना छावनी के सैन्य क्षेत्रों का उपयोग किया गया। इसके अलावा, फिल्म की कहानी हमें पुणे के एनडीए की ट्रेनिंग से लेकर अमृतसर की सरहद और राजस्थान व जम्मू-कश्मीर की धूल भरी चौकियों तक ले जाती है। इन असली लोकेशन्स को चुनने का मकसद सिर्फ दिखावटी खूबसूरती नहीं, बल्कि यह दिखाना था कि हमारे जवान देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में किस तरह अपना जीवन बिताते हैं।

# मास्टर प्लान के अभाव में कृषि भूमि पर धड़ल्ले से कट रहीं अवैध कालोनियां

## मनमाने तरीके से प्रापर्टी के दाम बढ़ा रहे दलाल, कई लोगों के करोड़ों अटके

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** लम्बी प्रतीक्षा के बाद भी मास्टर प्लान का कोई अता पता नहीं है। इसका विपरीत असर यह हुआ है कि राजधानी के चारों बाहरी इलाकों फिर चाहे वह होशंगाबाद रोड हो या रातीबढ, नीलबढ़, रायसेन, गांधीनगर के आस पास विदिशा रोड और संत हिरदाराम नगर के सीहोर रोड, कृषि भूमि पर धड़ल्ले से अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं, इसके अलावा अनेक जगहों पर डूब एवं कैचमेंट की जमीन पर भी अवैध निर्माण की भरमार मची है।



### कैचमेंट को भी नहीं छोड़ा

न केवल कृषि भूमि पर प्लाट काटे जा रहे हैं और 4 हजार से लेकर 10 हजार वर्गफीट के फार्म हाउस बनाए जा रहे हैं, बल्कि संत हिरदाराम नगर में ग्राम भैसाखेड़ी से लेकर फंदा तक 12 किलो मीटर मार्ग पर बाईं तरफ की जमीन जो पूरी तरह से डूब में आती है, और इस कैचमेंट ऐरिया में एक ईंट भी रखी नहीं जा सकती, वहां कुछ धार्मिक स्थलों के नाम पर न केवल भारी संख्या में कालोनियों का निर्माण किया गया है बल्कि अनेक मैरिज गार्डन भी बिना अनुमति के निर्मित हो गए हैं। ऐसे में अनेक जगह तालाब के अस्तित्व पर ही सवाल उठने लगे हैं क्योंकि तालाब किनारे सैकड़ों एकड़ जमीन पर मिट्टी डालकर पानी को दूर धकेला जा रहा है, और वहां निर्माण किया जा रहा है यह सिलसिला फंदा गांव तक देखा जा सकता है।

### सीहोर रोड के बुरे हाल

लालघाटी से लेकर एयरपोर्ट एवं गांधीनगर के अलावा संत हिरदाराम नगर के भीतरी इलाकों में अब कहीं पर भी प्लाट या खाली जमीन नहीं बची है, ऐसे में रसूखदार सीहोर रोड का रूख कर रहे हैं और यहां भोपाल इंदौर राजमार्ग के किनारे तथा कुछ मीटर की दूरी पर कृषि भूमि पर बिना अनुमति के धड़ल्ले से कालोनियां काटी जा रही हैं, और इसका दाम 500 रूपए से लेकर 5000 प्रति वर्गफीट रखा गया है। जहां किसान खेती करते थे, वहां प्लाट काटते हुए अनेक जगह देखा जा सकता है।

### अधिकारियों की मिली भगत

ऐसी बात नहीं है कि कृषि भूमि में प्लाट काटने एवं कैचमेंट ऐरिया में पक्का निर्माण किए जाने की जानकारी अधिकारयों को न हो लेकिन टाउन एण्ड कंट्री प्लान, नगर निगम तथा कलेक्टर कार्यालय के कतिपय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से सारा खेल खेला जा रहा है, मजे की बात तो यह है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी कृषि भूमि पर प्लाट, फार्म हाउस काटने एवं कैचमेंट ऐरिया में व्यापक स्तर पर अवैध निमार्ण को देखने के बाद भी चुप्पी साधे बैठे हैं। संत हिरदाराम नगर के भीतर जहां अनेक दुकानों पर ताले लगे हैं, और उन्हें खरीदने एवं किराए पर लेने वाला कोई नहीं है, वहीं उपनगर के कतिपय प्रापर्टी ब्रोकरों (दलालों) ने जगह जगह कृत्रिम तरीके से प्रापर्टी के दाम बढ़ाने का कुचक्र चला है, ऐसे में अनेक साहूकारों के करोड़ों रूपए फंसे गए हैं, और अब वे दलालों को कोस रहे हैं। इधर मास्टर प्लान के अभाव में सीहोर रोड पर कृषि भूमि पर तेजी से कालोनाइजर एवं रखूदार अवैध रूप से कालोनियां काट रहे हैं, जिसके पीछे भी दलालों की भी काफी भूमिका है। कुछ माह पूर्व ग्राम भैसाखेड़ी में सरकारी जमीन पर कालोनी काटने पर वहां प्लाटों की बुकिंग दलाल ने इस तरह से करवाई कि बाद में भांटा फूटने पर अनेक साहूकारों के करोड़ों अटक गए यही स्थिति संत हिरदाराम नगर के भीतरी इलाकें बी ओल्ड वार्ड सहित अन्य क्षेत्रों में भी है, जहां दलाल जिनके पास दलाली का कोई लायसेंस नहीं है, और सरकार को किसी तरह की फीस अदा नहीं करते हैं, कृत्रिम रूप से दुकानों व मकानों के दाम बढ़ाकर करोड़ों से अपनी तिजोड़ियां भर दी हैं, आश्चर्य की बात तो यह है कि ऐसे दलाल अब तक आयकर विभाग की नजर से भी बचते आए हैं।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शिवराज ने किया शुभारंभ



**मंडीदीप।** नगर पालिका परिषद मंडीदीप द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आज प्राथमिक एवं प्राइमरी विद्यालयों की अंतर विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल खेल मैदान पर सांसद खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए गए, जिनमें शिवराज सिंह चौहान ने सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसी अवसर पर सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हुआ, जो आगामी गणतंत्र दिवस तक जारी रहेंगी। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# मेट्रो अंडर ग्राउंड हो, नहीं तो बने ओवर ब्रिजः तेजवानी

## सांसद शर्मा के प्रयासों को व्यापारियों ने सराहा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर की सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, राजा वीर विक्रमादित्य मंदिर समिति सहित अनेक संस्थाओं से जुड़े वरिष्ठ समाज सेवी एवं राजधानी के प्रमुख बर्तन कारोबारी किशोर तेजवानी ने कहा है कि भोपाल में मेट्रों की उतनी आवश्यकता नहीं है, जितनी कि तैयारी की जा रही है। जहां मेट्रों प्रारंभ हुई है, वहां पहले महीनें में ही यात्रियों का टोंटा है अगर मेट्रो को जरूरी ही समझा जा रहा है, तो उसे अंडर ग्राउंड बनाया जाए, या फिर जगह जगह विभिन्न चैराहों को जोड़ने के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए, क्योंकि जितनी राशि में राजधानी में मेट्रो का जाल बिछाया जाएगा, उससे 25 प्रतिशत लागत से ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा सकता है।



किशोर तेजवानी के अलावा कारोबारी गौरव खन्ना, आरसी. जैन, अजय अग्रवाल ने राजधानी के सांसद आलोक शर्मा द्वारा मेट्रों का विरोध करने का स्वागत करते हुए कहा है कि जहां जहां मेट्रो के पिलर खड़े किए जा रहे हैं, या प्रस्तावित हैं, वे दुकानों के सामने त्रिशूल की तरह गड़ रहे हैं, जिससे दुकाने पूरी तरह से ढंक जाएंगी और कारोबार प्रभावित होगा इससे यातायात सुगम होने के बजाय बिगड़ेगा।

**अंडर ग्राउंड या ओवर ब्रिज :** किशोर तेजवानी सहित अन्य व्यापारियों ने कहा कि सरकार को भोपाल में मेट्रों का जाल बिछाने की योजना पर पुर्नविचार करना चाहिए क्योंकि गरीबों के पास भी दोपहिया वाहन हैं, और दोपहिया वाहनों की संख्या बढ़ रही है ऐसे में सरकार को जगह जगह ओवर ब्रिज का निर्माण करना चाहिए और मेट्रो जरूरी है, तो उसे अंडर ग्राउंड बनाया जाना चाहिए, ताकि आम जनता को होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। किशोर तेजवानी ने कहा है कि सांसद आलोक शर्मा एवं विधायक भगवानदास सबनानी का सभी व्यापारी समर्थन करते हैं।

## वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड द्वारा छात्रावास में विंटर वियर वितरित

**जागरण प्रतिनिधि ओबेदुल्लागंज।** वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड, द्वारा अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के तहत इनर विंटर वियर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय सीनियर ट्राइबल बालिका छात्रावास, औबेदुल्लागंज में संपन्न हुआ। इस पहल के तहत रायसेन जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रावासों में निवासरत लगभग 3100 छात्र-छात्राओं को इनर विंटर वियर वितरित किए जा रहे हैं, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें आवश्यक सुरक्षा एवं सुविधा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित अधिकारियों ने वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड की इस सराहनीय सामाजिक पहल की प्रशंसा की।



## वैश्य महिला इकाई ने मनाई बसंत पंचमी

**जागरण संवाददाता ओबेदुल्लागंज।** बसंत पंचमी सरस्वती पूजन का कार्यक्रम वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ओबेदुल्लागंज द्वारा उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया जिसमें महिलाओं ने हल्दी कुमकुम लगाकर सुहाग सामग्री एक दूसरे को प्रदान की इस अवसर पर पारम्परिक खेल भी खेले गए आयोजन में पुरस्कार वितरण एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान समाज की विधा अग्रवाल रविन्द्र विजयवर्गीय नमिता अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम शुरू

**ओबेदुल्लागंज।** 23 जनवरी को उल्लास - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत अक्षरा शिक्षा से बदलाव की शुरुआतच्च्च् की थीम पर राच्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सहयोग से स्वसहायता समूहों की साक्षर दीदियों को च्च्अक्षर साथीच्च के रूप में जोड़ते हुए समस्त असाक्षर दीदियों एवं उनके परिवारजनों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का शुभारंभ रायसेन जिले के ओबेदुल्लागंज विकासखंड में किया गया। कार्यक्रम में डॉ राकेश दुबे नियंत्रक साक्षरता राच्य शिक्षा केंद्र भोपाल,, उर्वशी श्रीवास्तव राच्य सह समन्वयक राच्य शिक्षा केंद्र भोपाल प्रकाश कुमार रैकवार जिला परियोजना समन्वयक एवं एम. राजा जिला परियोजना समन्वयक ,,एन आरएलएम राजेंद्र सिंह रघुवंशी,, जिला प्रबंधक एनआरएलएम,, डॉ एम आलम जिला सह समन्वयक, शिव नारायण चौहान विकासखंड शिक्षा अधिकारी,, सतीश कुशवाहा बीआरसी,, जितेंद्र चतुर्वेदी विकासखंड प्रबंधक एनआरएलएम,, राधेश्याम नमचूरिया ब्लॉक सह-समन्वयक साक्षरता एवं पर्वचंद चौरे, ब्लॉक सहायक साक्षरता की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर नियंत्रक राच्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं साक्षर दीदीयो को अक्षर साथी के रूप में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन



## हिन्दु सम्मेलन की तैयारियां जारी : हिंगोरानी

**हिरदाराम नगर ।** आरएसएस शताब्दी वर्ष पर 24 जनवरी शनिवार को शाम 5 बजे साधु वासवानी पार्क में बड़ा सम्मेलन आयोजित किया गया है, इसका प्रभारी एमआईसी सदस्य पार्षद राजेश हिंगोरानी को बनाया गया है। राजेश हिंगोरानी के अलावा आरएसएस के प्रांतीय नेता कमल प्रेमचंदानी एवं उपनगर प्रभारी बसंत चेलानी ने बताया कि साधु वासवानी स्कूल परिसर के इस सम्मेलन में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिहं सोलंकी मुख्य वक्ता होंगे। हिन्दू सम्मेलन में करूणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य, माखनलाल पत्रकारिता विवि के सहायक कुलसचिव एवं प्रांत के सह सम्पर्क प्रमुख गिरीश जोशी, प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य निशा सक्सेना भी मुख्य रूप से शामिल होंगी। कार्यक्रम में संत लाल साईं महाराज, विश्व सिंधी साधु समाज के महंत स्वामी तुलसीदास महाराज, बाबा रामदास उदासीन, पंडित मुकेश महाराज आदि संतों को आमंत्रित किया गया है।

## SUDOKU 128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 8 | | |
| | 6 | 3 | 4 | | | | | 2 |
| 4 | 9 | | | | 8 | | | |
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 2 | 8 | | | | 5 | 9 | |
| 3 | | | 5 | | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 3 |
| 5 | | | | | 9 | 2 | 1 | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

## SOLUTIONS 127

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 |
| 4 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 5 | 2 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 | 8 | 7 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन लाभकारी रहेगा। आप विश्वास और आत्मविश्वास के साथ कार्यों को पूरा करेंगे। काम व्यवस्थित और स्थिर रहेगा। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा।

**वृषभ :** आप अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे व्यापार में आपको मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे। उद्योग और व्यापार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी।

**मिथुन :** आज का दिन महत्वाकांक्षाओं को मजबूत करेगा। करियर और व्यवसाय में तरक्की होगी और लाभ स्थिर रहेगा।

**कर्क :** आज के दिन बिजनेस और ऑफिस में खास सावधानी बरतें। इस समय आपके विरोधी एक्टिव हो सकते हैं। कोशिश करें कि विवादों की स्थिति से बचें।

**सिंह :** ऑफिस में किसी के साथ झगड़ा करने से बचना है। सभी के साथ मिलकर रहें और खुश रहें। आर्थिक मामलों में किसी पर भी आंख मूंदकर भरोसा न करें।

**कन्या :** किसी भी कार्य में लापरवाही न करें, न ही किसी भी कार्य में जल्दबाजी करें। व्यापार में लाभ के नए अवसर सामने आएंगे।

**तुला :** इस समय किसी भी तरह की भावनाओं में बहकर फैसले ना लें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको करियर में कॉम्पिटीशन की स्थिति से दूर रहना है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा

**वृश्चिक :** ऑफिस में आपको अधिकारियों से आपको तारीफ मिलेगी। बिजनेस में भी लाभ के अवसर सामने आएंगे। हो सकता है कि आपको संतान पक्ष से परेशानी हो सकती है।

**धनु :** बिजनेस में आपके लिए नए मौके आ सकते हैं। लाइफ में पॉजिटिविटी बनाए रखें। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मकर :** धार्मिक कार्यों में आपकी आस्था और गहरी होगी। इस समय ऑफिस और बिजनेस में माहौल आपके लिए सेफ रहेगा।

**कुंभ :** नए विचार और नई एनर्जी से आपको लाइफ में देखने को मिलेगी। अधिकारियों का आपको साथ मिलेगा। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**मीन :** आपके लिए समय उत्तम है।न ए लोगों से संपर्क बनेंगे। करियर से जुड़े रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं। धन लाभ के योग भी बन रहे हैं। दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**आज का पंचांग:** 24 जनवरी शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। **विशेष :** पंचक। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण दक्षिणगोल शिशिर ऋतु माघ मास शुक्ल पक्ष की षष्टी 24 घंटे 41 मिनट तक तत्पश्चात सप्तमी उत्तरभाद्रपद नक्षत्र 14 घंटे 16 मिनट तक तत्पश्चात रेवती नक्षत्र शिव योग 14 घंटे 02 मिनट तक तत्पश्चात सिद्ध योग मीन में चंद्रमा। **राहुकाल :** सुबह 9.00 से 10.30 बजे तक रहेगा।


**प्ररूप दस**
**( नियम 7 देखिये )**
नायब तहसीलदार नजूल टी.टी. नगर ( कुणाल राउत ),
तहसील:- टी.टी. नगर, जिला:- भोपाल
**सार्वजनिक नोटिस**
जावक क्रमांक. मामला क्रमांक. 0751/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 27/01/26 को बजे स्थान टी.टी. नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**
आवेदक श्री चन्द्रा प्रकाश सिंह आ. श्री रविन्द्र सिंह निवासी-वार्ड नं. 06, शॉप नं. शॉपिंग सेन्टर, झिंगूरदह, सिंगरौली म.प्र. द्वारा ग्राम सेवनियागौंड स्थित भूमि खसरा नंबर 43, 44, 45, 47/क, 57 एवं 64 का अंश भाग 1000 वर्गमीटर भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
आज दिनांक : 02280202202 2001-APP-26763495 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
दिनांक : 02280202202 2001-APP-26763495
स्थान : टी.टी. नगर
न्यायालय की मुद्रा
**कुणाल राउत**
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**



**म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड**
(नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन)
उपरोक्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 09/02/2026, ( 17.30) बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा

मूल एफ. डी. आर. का भुगतान केवल ऑनलाईन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा होंगे। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेंगे।

जी-24803/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग
भोपाल ( म. प्र. )

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

# सूर्य की चमक, इशान की यादगार वापसी से टीम इंडिया ने टी-20 में सबसे तेज 200+ रनों का लक्ष्य हासिल किया

## पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 में टीम इंडिया 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीती

जेएनएन, रायपुर

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 82) और टीम में अपनी वापसी को यादगार बनाते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' इशान किशन (76) की आक्रामक पारियों के दम पर भारत ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों में न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोकने के बाद भारत ने महज 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन के साथ सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।

भारत ने 28 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 200 से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था, जिसने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 24 गेंद शेष रहते 205 रन के लक्ष्य को हासिल किया था। टी-20 विश्व कप से पहले लय हासिल करते हुए सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए इशान के साथ महज 49 गेंद में 122 और शिवम दुबे (नाबाद 36) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 81 रन की अटूट की साझेदारी के साथ टीम के आसानी से जीत दिला दी। भारत ने इसके साथ ही टी-20 में लक्ष्य का सफलता से सबसे बड़े स्कोर के पीछा करने के रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने इससे पहले 2023 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रन बनाए थे।

राष्ट्रीय टीम में अपनी वापसी को सही साबित करते हुए इशान ने 32 गेंद की पारी में 11 चौके और चार छक्के लगाए, जबकि दुबे ने 18 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और एक चौका जड़ा। इससे पहले कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में दो अहम विकेट लेकर शानदार वापसी की, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (44) और कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद 47 रन) ने अलग-अलग चरणों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।



### 7 गेंद में दो विकेट गंवाकर मुश्किल में थी टीम इंडिया

भारतीय टीम मुश्किल में थी। उन्होंने 1.1 ओवर के भीतर अपने पहले दो विकेट गंवा दिए थे। टी-20 विश्व कप 2024 के बाद टी-20 में यह भारत के सबसे जल्दी पहले दो विकेट गिरने का मामला है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पिछले साल पुणे में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले दो विकेट आठ गेंदों में गिर गए थे। इससे पहले भारत ने इतनी जल्दी दो विकेट आखिरी बार 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुवाहाटी में गंवाए थे, जब पहली छह गेंदों में ही दो बल्लेबाज आउट हो गए थे। दो विकेट गंवाने के बाद किशन और सूर्यकुमार ने जिस तरह की पारी खेली, उससे ऐसा लगा कि वे कहीं से भी हारने के मूड में नहीं थे।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंडः 208/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोन्वे का. हार्दिक बो. राणा | 19 | 9 | 3 | 1 |
| सिफर्ट का. इशान बो. वरुण | 24 | 13 | 5 | 0 |
| रविंद्र का. अर्शदीप बो. कुलदीप | 44 | 26 | 2 | 4 |
| फिलिप्स का. हार्दिक बो. कुलदीप | 19 | 13 | 2 | 1 |
| मिचेल का. हार्दिक बो. दुबे | 18 | 11 | 3 | 0 |
| चैपमैन का. अभिषेक बो. हार्दिक | 10 | 13 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 47 | 27 | 6 | 1 |
| जैक फोक्स नाबाद | 15 | 8 | 2 | 1 |

**अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन, **विकेट पतनः** 1-43, 2-43, 3-98, 4-125, 5-129, 6-161, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-53-0, हार्दिक 3-0-25-1, राणा 3-1-35-1, चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप 4-0-35-2, अभिषेक 1-0-12-0, दुबे 1-0-7-1.

**भारतः 209/3 (15.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. रविंद्र बो. हेनरी | 6 | 5 | 0 | 1 |
| अभिषेक का. कॉन्वे बो. डफी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| किशन का. हेनरी बो. सोढ़ी | 76 | 32 | 11 | 4 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 82 | 37 | 9 | 4 |
| शिवम दुबे नाबाद | 36 | 18 | 1 | 3 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन, **विकेट पतनः** 1-6, 2-6, 3-128, **गेंदबाजीः** हेनरी 3-0-41-1, जेकब डफी 4-0-38-1, फॉक्स 3-0-67-0, सैंटनर 2-0-27-0, सोढ़ी 3-0-34-1, मिचेल 0.2-0-2-0.




■ 463 दिनों के बाद सूर्यकुमार का पहला टी-20 अर्धशतक आया।

■ हार्दिक पंड्या (126) भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा टी-20 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (125) को पीछे छोड़ा।

■ इशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 में 21 गेंद में अर्धशतक जड़ा। इससे पहले अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी।

## मैदान से हटकर

### युजवेंद्र चहल और आरजे महवश ने किया एक-दूसरे को अनफॉलो





भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और आरजे महवश ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। उन्होंने ऐसा क्यों किया? इसका जवाब तो अभी तक नहीं मिला है। हालांकि, सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि दोनों की लड़ाई हो गई है। बता दें, जब से चहल का तलाक हुआ तब से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे और आरजे महवश एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है। पिछले साल रिएलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में चहल की एक्स वाइफ धनश्री वर्मा ने दावा किया था कि शादी के दो महीने बाद चहल ने उन्हें धोखा दिया था। उन्होंने कहा था, मैंने सगाई के बाद से ही उनके बिहेवियर में बदलाव नोटिस कर लिया था, लेकिन मैंने उन पर और अपने रिश्ते पर भरोसा रखा। मेरी समस्या ये है कि मैं अपने आस-पास के लोगों को बहुत ज्यादा मौके देती हूं। लेकिन मैं मौके दे देकर थक गई। मैंने अपनी तरफ से हर कोशिश की थी और अपना 100 प्रतिशत दिया था। हालांकि, चीजें ठीक नहीं हुईं। बाद में, चहल ने धनश्री के दावों पर रिएक्ट करते हुए कहा था, मैं एक खिलाड़ी हूं और मैं धोखा नहीं देता। अगर कोई दो महीने में ही धोखा देता तो इतना लंबा रिश्ता चलता क्या? मेरे लिए, यह चैप्टर खत्म हो गया है। मैं अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गया हूं और दूसरों को भी ऐसा ही करना चाहिए। (जेएनएन)

### शतरंजः गुकेश के सामने छठे दौर में अब्दुसत्तोरोव की चुनौती

**विच्क आन जी (नीदरलैंड), जेएनएन।** पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले भारत के युवा विश्व चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में उज्बेकिस्तान के अनुभवी और संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे। गुकेश ने पांचवें दौर में काले मोहरों से चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। उन्हें लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा।

## रणजी ट्रॉफीः शुभमन गिल फिर नाकाम सौराष्ट्र ने पंजाब को 194 रन से हराया

जेएनएन, राजकोट



स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल लगातार दूसरी बार विफल रहे, जिससे पंजाब की टीम सौराष्ट्र के स्पिनरों के सामने टिक नहीं सकी और उसे दूसरे दिन 194 रन से हार का मुंह देखना पड़ा। मुश्किल पिच पर 320 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की सबसे बड़ी उम्मीद गिल 32 गेंद में 14 रन बनाकर आउट हो गए। इससे मेहमान टीम अपनी दूसरी पारी में महज 125 रन पर सिमट गई। पहली पारी में भी गिल दो गेंद खेलने के बाद खाता खोले बिना आउट हो गए थे। दोनों पारियों में गिल को बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुट ने पगबाधा आउट किया। भुट ने मैच में कुल 10 विकेट झटके। पहली पारी में 33 रन देकर पांच विकेट लेने वाले भुट ने अगले दिन और भी घातक प्रदर्शन किया और 10 ओवर में सिर्फ आठ रन देकर पांच विकेट हासिल किए। स्पिनरों के दबदबे का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि पहले दिन 23 विकेट गिरे, जबकि दूसरे दिन 17 बल्लेबाज पवेलियन लौटे। भुट को साथी स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा का बेहतरीन साथ मिला, जिन्होंने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पंजाब के लिए कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका, जिससे उदय सहारण 71 गेंद में 31 रन बनाकर उसके शीर्ष स्कोरर रहे। इससे पहले सौराष्ट्र ने बीते दिन के तीन विकेट पर 24 रन से आगे खेलते हुए दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया और 286 रन बनाए। सौराष्ट्र ने 75 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और तब उसकी बढ़त सिर्फ 108 रन की थी। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के संघर्ष ने घरेलू टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। प्रेरक मानकड़ ने 41 गेंद में 56 रन बनाकर नेतृत्व किया। भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने 44 गेंद में 46 रन बनाए जबकि भुट ने नाबाद 37 और हेतविक कोटक ने 39 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र के अब छह मैच में 18 अंक हो गए हैं।

### सरफराज का दोहरा शतक



**हैदराबाद।** सरफराज खान की 227 रन की की बदौलत मुंबई ने ग्रुप-डी में हैदराबाद पर दबदबा बना लिया। हैदराबाद ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट पर 138 रन बना लिए है, लेकिन टीम मुंबई से 422 रनों से पीछे है। मुंबई की पहली पारी 560 रन पर सिमटी। सरफराज ने दिन की शुरुआत में 142 रन से आगे खेलते हुए मौजूदा सत्र के अपने पहले शतक को दोहरे शतक में तब्दील किया। उन्होंने भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (106 रन देकर एक विकेट) की अगुआई वाले आक्रमण के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए 19 चौके और नौ छक्के जड़े। अजिंक्य रहाणे की जगह टीम में शामिल किए गए सुवेद पारकर (75) ने भी मौके का पूरा फायदा उठाया।

### कर्नाटक के खिलाफ मप्र को बढ़त

अलूर में पहली पारी में 323 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक का स्कोर आठ विकेट पर 168 रन कर दिया। कर्नाटक अब भी 155 रन से पीछे है। स्पिनर सरांश जैन ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज केवी अनीश 153 गेंद में 80 रन बनाकर नाबाद हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में जीते अल्काराज

जेएनएन, मेलबर्न

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में कोरेंटिन माउटेट पर जीत दर्ज की। स्पेन के 22 साल के अल्काराज करियर ग्रैंडस्लैम की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने 32वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी माउटेट से मिली चुनौती से निपटते हुए 6-2, 6-4, 6-1 से जीत दर्ज की। अल्काराज का यह 100वां ग्रैंडस्लैम मैच था, जिसमें उन्होंने 87वीं जीत दर्ज की। यह रिकॉर्ड पहले 100 ग्रैंड स्लैम मैचों में सबसे अधिक जीतों के मामले में ब्योर्न बोर्ग (88 जीतें) के बाद दूसरा स्थान है। अल्काराज अब रविवार को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे, जिन्होंने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के चोट के कारण रिटायर होने के कारण अगले दौर में प्रवेश किया। पॉल ने पहले दो सेट 6-1, 6-1 से अपने नाम कर लिए थे। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराया। अब चौथे दौर में सबालेंका का सामना उभरती हुई स्टार विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 7-6 (5), 5-7, 6-3 से हराया।



### पिछड़ने के बाद वापसी कर जीते मेदवेदेव

दानिल मेदवेदेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फैबियन मारोजसन पर 6-7 (5), 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। यह पांचवीं बार है, जब मेदवेदेव ने 0-2 से पिछड़ने के बाद ग्रैंड स्लैम मैच जीता है। 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन और तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन उप विजेता मेदवेदेव अब अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन से भिड़ेंगे।

## सिंधू-लक्ष्य की हार से इंडोनेशिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त

**जकार्ता, जेएनएन।** पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए, जिससे पांच लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को समाप्त हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर चार खिलाड़ी चेन यू फेई के खिलाफ 42 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही सिंधू का सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया। चेन यू फेई के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड में अब सिंधू 6-8 से पीछे हो गई हैं। सिंधू की चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ पिछली जीत वर्ष 2019 में दर्ज हुई थी। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को थाईलैंड के उभरते खिलाड़ी पनिचाफोन तीरारत्साकुल से कड़े मुकाबले में 18-21, 20-22 से हार मिली। यह मैच 46 मिनट तक चला।



### एसए-20: पार्ल रॉयल्स क्वालिफायर-2 में पहुंची

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** पार्ल रॉयल्स ने एसए20 एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपरकिंग्स को 36 रन से हराकर टूर्नामेंट से बाहर करते हुए क्वालिफायर-2 में जगह बनाई। क्वालिफायर-2 में अब रॉयल्स की भिड़ंत कल सनराइजर्स ईस्टर्न केप से होगी और वह दो बार के पूर्व चैंपियन को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। सनराइजर्स की टीम अब तक तीनों सत्र में खिताबी मुकाबले में खेली है। रॉयल्स के 211 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और हार्डस विलजोएन (24 रन पर दो विकेट) तथा ओटनील बार्टमैन (47 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेंगे शाहीन अफरीदी

तीन मैचों की सीरीज के लिए चार साल बाद पाक जाएगी टीम

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शुक्रवार को तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को राष्ट्रीय टी-20 टीम में शामिल किया। अफरीदी के घुटने की चोट से वापसी और बाबर आजम के बिग बैश लीग से लौटने के अलावा इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अफरीदी को ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के दौरान फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट लग गई थी और वह लाहौर के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में उपचार के लिए घर लौट आए थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को पाकिस्तान पहुंचेगी। अप्रैल 2022 में एक टी-20 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान की धरती पर इस प्रारूप में अपनी दूसरी सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने अभी तक विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा नहीं की है। तीन मैच की टी-20 सीरीज के मैच 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को होंगे। सभी मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे।



**पाकिस्तान की टीमः** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तारिक।

## सिटी स्पोर्ट्स

### उद्रेका सिंह ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स में जीता स्वर्ण




**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की उद्रेका सिंह ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) में शानदार प्रदर्शन करते 500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। लेह-लद्दाख में आयोजित केआईडब्ल्यूजी में उद्रेका (53.94 सेकंड) ने स्थानीय दावेदार स्कार्मा त्सुलटिम (54.21 सेकंड) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण अपने नाम किया। लद्दाख की तस्निया शमीम (57.41 सेकंड) ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। उद्रेका ने इसके साथ ही भारत की सबसे तेज महिला आइस स्केटर का खिताब भी अर्जित किया।

### पब्लिक वाणी सेमीफाइनल में डीजीपी एकादश बनीं चैंपियन

31वां आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट



**भोपाल, खेप्र।** पब्लिक वाणी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को सात विकेट से हराकर 31वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उसका सामना राज एक्सप्रेस से होगा। डिपार्टमेंटल ग्रुप के फाइनल में नगर निगम कमिश्नर इलेवन को 86 रन से हराकर डीजीपी एकादश चैंपियन बनीं। कॉर्पोरेट ग्रुप के मैचों में हमीदिया स्पोर्ट्स ने भोपाल क्रिकेट क्लब को 96 रनों और एलीट वारियर्स ने रेट्रो स्टार को 70 रनों से मात दी। फेथ क्रिकेट मैदान पर टाइम्स ने जावेद (47) और जतिन (22) की पारियों की बदौलत आठ विकेट पर 110 रन बनाए। शशांक और देवेंद्र ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में पब्लिक वाणी ने तीन विकेट पर जरूरी रन बना लिए। कप्तान विशाल गर्ग और राम ने 25-25 रनों का योगदान दिया। विनय शुक्ला ने 22 रनों की पारी खेली। टाइम्स की ओर से कप्तान रामेंद्र सिंह ने दो विकेट लिए। विभागीय ग्रुप के फाइनल मुकाबले में डीजीपी ने आठ विकेट पर 171 रन बनाए। इसमें दीशांत खरे ने 65 रनों की पारी खेली। विजय सिंह ने 34 और कप्तान संदीप सूर्यवंशी ने 34 रन बनाए। फहाद ने तीन विकेट लिए। रणवीर वैद को दो सफलता मिली। जवाब में नगर निगम कमिश्नर इलेवन मात्र 85 रनों पर आउट हो गई। रणवीर ने 45 रन बनाए। डीजीपी की ओर से अंकुश सराठे ने चार विकेट लिए।

### पृथ्वीराज सिंह का शतक, भोपाल की सधी शुरुआत

**भोपाल, खेप्र।** पृथ्वीराज सिंह तोमर के शतक की बदौलत भोपाल डिवीजन ने एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल मल्टीडे क्रिकेट टूर्नामेंट में उज्जैन के खिलाफ सधी हुई शुरूआत की। एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर भोपाल ने उज्जैन डिवीजन के 423 रन के जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट खोकर 295 रन बना लिए। पृथ्वीराज ने 123 रन की शतकीय पारी खेली। अरहम अकील (89) ने अर्धशतक जड़ा। कनिष्क दुबे (37) और अभिराज (25) नाबाद लौटे। उज्जैन के इशान अफरीदी ने 2 विकेट लिए। इससे पहले उच्जैन ने कल के स्कोर 7/410 को आगे बढ़ते हुए उसमें सिर्फ 13 रन और जोड़े।



### आरएनटीयू की हॉकी टीम ने उड़ीसा को 9-3 से हराया



**भोपाल, खेप्र।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर (उड़ीसा) को 9-3 से हराया। सम्बलपुर यूनिवर्सिटी, सम्बलपुर (उड़ीसा) में खेले गए मुकाबले में आरएनटीयू की ओर से मोहम्मद जैद खान, अलमाज खान, मुस्तफा अजीज एवं मुदस्सर कुरैशी ने दो-दो गोल दागे, जबकि अरहम जमीर अंसारी ने एक गोल किया। टीम अपना अगला मुकाबला 24 जनवरी को बैंगलोर सिटी यूनिवर्सिटी, बैंगलोर (कर्नाटक) के विरुद्ध खेलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### थरूर केरल कांग्रेस की बैठक में नहीं हुए शामिल



**कोच्चि, जेएनएन।** तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर शुक्रवार को केरल विधानसभा चुनावों को लेकर होने वाली पार्टी की अहम रणनीतिक बैठक में शामिल नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक थरूर हालिया घटनाक्रम से नाराज हैं। सूत्रों का कहना है कि 19 जनवरी को कोच्चि में आयोजित महापंचायत कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने मंच पर मौजूद कई वरिष्ठ नेताओं का नाम लिया, लेकिन शशि थरूर को नजरअंदाज कर दिया था। थरूर के करीबी सूत्रों के मुताबिक यह घटना उनके लिए टिपिंग पॉइंट साबित हुई। इससे पहले भी राज्य के कुछ नेता उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश कर चुके हैं, जिससे वह असहज महसूस कर रहे थे। इस मामले पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि केरल कांग्रेस के सभी बड़े नेता मीटिंग में आ रहे हैं। जो कांग्रेस के किसी काम के नहीं हैं।

### इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पिछले कुछ दिनों में फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी से जुड़े मामले बढ़ गए हैं। 18 जनवरी को ही दिल्ली से सिलीगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट जा रही इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। अब दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2608 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इंडिगो ने बयान जारी कर कहा है कि एयरक्राफ्ट के टॉयलेट में हाथ से लिखा हुआ एक नोट मिला। हाथ से इस नोट में फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस फ्लाइट को पुणे एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा लिया गया है और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। इंडिगो की इस फ्लाइट को रात 8.40 बजे पुणे एयरपोर्ट पर लैंड करना था। फ्लाइट पुणे में निर्धारित समय से देरी से 9.24 बजे लैंड की।

**युवराज मौत मामला**

### बिल्डर निर्मल को गैर जमानती वारंट जारी



**नोएडा, जेएनएन।** नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। लोटस ग्रीन बिल्डर के मालिक निर्मल सिंह के खिलाफ नॉन-बेलेबल वारंट जारी हो गया है। यह वारंट ग्रेटर नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को अदालत के आदेश पर जारी कर दिया है। इस मामले में बिल्डर के खिलाफ पहले ही केस दर्ज हो चुके हैं। ग्रेनों की थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने गुरुवार को उनके दफ्तर को सील कर दिया है। पुलिस ने बताया कि निर्मल सिंह के खिलाफ गैर-जमानती वारंट इसलिए जारी किया गया है, क्योंकि निर्मल सिंह फरार चल रहे हैं। अब कोर्ट के माध्यम से उनके घर और ऑफिस को कुर्क करने की तैयारी की जा रही है। इस पूरे मामले में पुलिस अब तक तीन बिल्डरों को अरेस्ट कर चुकी है।

### अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने खुद को विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यूएचओ से अलग कर लिया है। अमेरिकी स्वास्थ्य और विदेश विभाग ने बयान जारी कर इस बात का ऐलान कर दिया है कि अमेरिका अब आधिकारिक तौर पर डब्ल्यूएचओ का सदस्य नहीं है। जिनेवा स्थित डब्ल्यूएचओ मुख्यालय के बाहर से अमेरिका का झंडा भी अब हटा दिया गया है। अमेरिका ने कहा है कि हम डब्ल्यूएचओ के साथ सीमित स्तर पर काम करेंगे। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल होने की भी हमारी कोई योजना नहीं है, और ना ही दोबारा इसमें शामिल होने की। हम बीमारियों की निगरानी और अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों की बजाय अन्य देशों के साथ मिलकर काम करेंगे।




# जोश हाई है... झमाझम बारिश में रिपब्लिक डे फुल रिहर्सल में दिखा जवानों का जज्बा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली। बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। राजधानी में गरज के साथ बौछारें पड़ने के कारण सुबह कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह की परेड के 'फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम में देरी हुई। लेकिन जब बारिश में ही रिहर्सल हुई तो जवानों का जोश एकदम हाई दिखा। दिल्ली में आज अचानक मौसम बदला और गणतंत्र दिवस पर फुल डे रिहर्सल के दौरान बारिश हो गई। गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने के अलावा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। लेकिन परेड में जवानों और उन्हें देखने वालों का जोश, जज्बा और जुनून रत्ती भर भी कम नहीं हुआ। फुल ड्रेस रिहर्सल में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की टुकड़ी ने मार्च किया। इसका नेतृत्व महिला अधिकारी कर रही थीं।



# प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में भी फूंका सियासी बिगुल, बोले डीएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू

## तमिलनाडु और केरल का दौरा : चेन्नई में दिखाई एनडीए की ताकत, केरल में कहा-यहां भाजपा की नींव पड़ी

**चैन्नई/तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है।' तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।



### डीएमके संस्कृति की दुश्मन

हम सिर्फ तमिल संस्कृति की बात नहीं करते बल्कि उसकी रक्षा के लिए काम भी करते है। भगवान मुरुगन के दीप को लेकर विवाद खड़ा किया गया तो हमारे नेताओं ने आवाज उठाई। डीएमके और उनके साथियों ने वोट बैंक को खुश करने के लिए कोर्ट को भी बदनाम किया। डीएमके तमिलनाडु की संस्कृति की सबसे बड़ी दुश्मन है। तमिलनाडु का युवा अपनी संस्कृति को सेलिब्रेट कर सके इसलिए एनडीए सरकार हर तरह उनके साथ है।

### डीएमके सरकार को सीएमसी बोल रहे लोग

डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग सीएमसी सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है।

### 11 साल में केंद्र ने 3 लाख करोड़ दिए

बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपए तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे।

### मौका दीजिए लूटा हुआ एक-एक पैसा वसूला जाएगा

तिरुवनंतपुरम के साथ दशकों से लेफ्ट ने बहुत अन्याय किया। यहां की जनता को बेसिक सुविधाओं से वंचित रखा गया। एलडीएफ, यूडीएफ के लोगों ने केरल को करप्शन और कुशासन की राजनीति में झोंक दिया है। एलडीएफ, यूडीएफ के झंडे अलग हैं, सिंबल अलग है लेकिन पॉलिटक्स और एजेंडा एक है। इनकी मिलीभगत को तोड़ना होगा। कांग्रेस की मुस्लिम लीग और माओवादी सोच से आपको सतर्क रहना है ये केरल को अपनी लैब बना रहे हैं। कांग्रेस यहां कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रही है। 2014 से पहले दिल्ली में 10 साल तक लेफ्ट के समर्थन से कांग्रेस की सरकार चलती थी। उस दौरान केरल के किसानों के लिए न लेफ्ट ने कुछ किया न कांग्रेस ने किया। किसान के हित का पैसा नेताओं की जेब में पहुंच जाता था। हमने पीएम किसान निधि शुरु की। एलडीएफ, यूडीएफ के लोग चाहकर भी इस पैसों का लूट नहीं सकते। हमारी टीम ने विकसित केरल पर काम करना शुरु कर दिया है। मैं यहां की जनता से कहता हूं कि आप विश्वास रखिए जो अब तक नहीं बदला, वो अब बदलेगा। तिरंवनंतपुरम पूरे देश के लिए मॉडल सिटी बनेगा। बैंकों में घोटाले करके गरीबों का पैसा लूटा गया। किसी ने बच्चों की पढ़ाई तो किसी ने बिटिया की शादी के लिए पैसा रखा था। वो भी कांग्रेस और लेफ्ट ने लूट लिया। आप बीजेपी को मौका दीजिए जिसने आपको लूटा उनसे एक-एक पैसा वसूल किया जाएगा।

## कठुआ में जैश कमांड ढेर

**कठुआ, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर उस्मान को मार गिराया। एनकाउंटर बिलावर इलाके में हुआ। यहां आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, उस्मान पिछले 3-4 साल से अन्य आतंकवादियों के साथ डोडा-उधमपुर-कौथा इलाके में एक्टिव था। एनकाउंटर की साइट से अमेरिका में बनी एम4 राइफल, हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षाबलों और उस्मान का इससे पहले कठुआ, डोडा, बसंतगढ़, उधमपुर में भी आमना-सामना हुआ, लेकिन वो हर बार बच कर निकल जाता था। इस पर सुरक्षाबलों ने उसे ढेर कर दिया। आईजीपी जम्मू ने भी उस्मान के मारे जाने की पुष्टि की है। पिछले हफ्ते सुरक्षा बलों की जॉइंट टीम ने बिलावर इलाके में ही आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था।

मौके से कई चीजें बरामद की गईं थीं। आज से पहले 7 जनवरी और 13 जनवरी को भी बिलावर इलाके के ही कहोग और नजोत जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ हुई थी।



## माघ मेला में बसंत पंचमी पर 3.20 करोड़ लोगों ने संगम में लगाई डुबकी



**प्रयागराज, जेएनएन।** प्रयागराज में जारी माघ मेले में शुक्रवार को बसंत पंचमी स्नान पर्व पर शाम 4 बजे तक 3.20 श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगा चुके थे।। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि कल रात 12 बजे से ही लोगों का संगम क्षेत्र में आगमन और स्नान जारी है और आज बसंत पंचमी पर दोपहर 12 बजे तक 2.10 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके थे। मेलाधिकारी ऋषिराज ने कहा कि मेला क्षेत्र के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब मौजूद रहा। कंट्रोल रूम के माध्यम से श्रद्धालुओं के आवागमन पर नजर रखी जा रही है। पूरे मेला क्षेत्र में 400 से अधिक कैमरे क्रियाशील हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों की भी निगरानी की जा रही है। सभी जगहों पर पुलिस प्रशासन के कर्मचारी अधिकारी तैनात हैं।

**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की बिगड़ी तबीयत:** माघ मेले में शिविर के बाहर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ गई। 18 जनवरी से ही शाम पांच बजे से ही शिविर के बाहर बैठे हैं। सुबह बुखार आने के बाद वैनिटी वैन में सुबह 10 बजे चले गए थे। दोपहर 2 बजे वैनिटी वैन से उतर कर फिर शिविर के सामने पालकी पर बैठ गए। मेला प्रशासन से ससम्मान स्नान कराने की मांग कर रहे हैं। बसंत पंचमी के पर्व की भीड़ और स्वास्थ्य को देखते हुए आज गौ प्रतिष्ठा प्रेरणा यात्रा भी नहीं निकाली। प्रयागराज में स्नान के बाद पुरी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने स्वामी अविमुक्तश्वरा नंद से जुड़े विवाद पर कहा कि प्रशासन और सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है। किसी को नहाने से नहीं रोका गया होगा। ताम झाम से रोका गया होगा। पूरे माघ मेला क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी हो रही है।

## रूस और यूक्रेन के बीच थमेगी जंग पुतिन से आधी रात में मिले ट्रंप के दूत

**वॉशिंगटन/मॉस्को, जेएनएन।** अमेरिका की मध्यस्थता में रूस और यूक्रेन के बीच चार साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को युद्ध खत्म करने के लिए एक संभावित फ्रेमवर्क पर तीन अमेरिकी दूतों के साथ बातचीत की है। क्रेमलिन ने इस बारे में जानकारी दी है। अमेरिकी प्रतिनिधि मंडल में स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ जोश ग्रुएनबाम भी शामिल थे। ट्रंप ने हाल ही में उन्हें बोर्ड ऑफ पीस में वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया था। इस बोर्ड का काम गाजा में युद्धविराम के बाद के कामकाज की देखरेख के साथ ही अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाना भी है।



### रूस ने दिखाई सैन्य ताकत

रूस ने बातचीत के शुरू होने के कुछ देर बाद ही स्ट्रेटेजिक बॉम्बर जेट की पेट्रोलिंग का ऐलान किया, जिसे एक रूटीन तरीका बताया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार लॉन्ग-रें बॉम्बर विमानों ने बाल्टिक सागर के ऊपर 5 घंटे से ज्यादा समय तक उड़ान भरी। इस दौरान रूसी फाइटर जेट्स उनके साथ उड़ रहे थे।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद से 800 ड्रोन भेजे, सेना ने 240 मार गिराए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लड़ने का एक खतरनाक और सस्ता युद्ध मॉडल अपनाया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की तरफ से 800 से ज्यादा ड्रोन भारतीय हवाई सीमा में भेजे गए। इसे लो लेवल ड्रोन वारफेयर (कम ऊंचाई पर ड्रोन युद्ध) कहा जाता है। सूत्र बताते हैं कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एयर डिफेंस और एंटी ड्रोन शील्ड परखने की सैन्य रणनीति का संकेत है। ये ड्रोन कम ऊंचाई पर उड़ते हैं, जिससे रडार को चकमा दे सकते हैं। ज्यादातर ड्रोन राजस्थान और पंजाब की सीमा पर देखे गए। भारतीय सुरक्षा बलों ने 800 में से करीब 240 ड्रोन मार गिराए। 5 ड्रोन में हथियार या युद्ध से जुड़ा सामान मिला। 160 से ज्यादा ड्रोन दूसरे सामान गिराने के लिए आए थे, जबकि करीब 72 ड्रोन नशीले पदार्थ लेकर आए थे।

### 2 हफ्तों में पर ड्रोन की 5 घटनाएं

राजस्थान और पंजाब बॉर्डर के अलावा जम्मू-कश्मीर में पिछले 2 हफ्तों मे एलओसी के पास पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने की पांच घटनाएं हो चुकी हैं। ड्रोन देखे जाने के बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम को एक्टिवेट कर दिया था। इसके बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गए थे। 20 जनवरी को कठुआ जिले में नियमित निगरानी के दौरान नजर आया था। इससे पहले 17 जनवरी को रामगढ़ सेक्टर में, 15 जनवरी को भी रामगढ़ सेक्टर में एक बार, 13 जनवरी को राजौरी जिले में दो बार और 11 जनवरी को नौशेरा सेक्टर, धरमसाल सेक्टर, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एकसाथ पांच ड्रोन स्पॉट किए गए थे।



## कफ सिरप मामला: शुभम की 100 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश में कोडीन युक्त कफ सिरप सिंडिकेट मामले के मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने सरगना की 100 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली है। पुलिस की मानें तो यह कार्रवाई वाराणसी में की गई, जहां आरोपी ने अवैध रूप से अर्जित संपत्ति खड़ी की थी, जो करीब 70 करोड़ रुपये की थी। वहीं सोनभद्र में भी शुभम जायसवाल की 30 करोड़ की संपत्ति आज आज कुर्क हुई है। कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के बड़े सिंडिकेट के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है। इस मामले में लखनऊ स्थित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने फरार करीब 30 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है, जिसके तहत उनके पासपोर्ट जब्त होंगे।



# गणतंत्र दिवस पर धमकी के बाद आतंकी पन्नू पर एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एक नई एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई पन्नू द्वारा सोशल मीडिया पर जारी उस वीडियो के बाद की गई है, जिसमें उसने 26 जनवरी से पहले दिल्ली में गड़बड़ी फैलाने की धमकी दी थी। पन्नू पर भारत के खिलाफ साजिश रचने और देश की संप्रभुता, एकता तथा अखंडता को खतरे में डालने का गंभीर आरोप है। स्पेशल सेल ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 196, 197, 152 और 61 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पोस्टर लगाने का दावा निकला खोखला

पन्नू ने अपने हालिया वीडियो मैसेज में दिल्ली के रोहिणी और डाबड़ी जैसे रिहायशी इलाकों में खालिस्तान समर्थक पोस्टर लगाने की बात कही थी। आतंकी संगठन का दावा था कि उसके स्लीपर सेल राष्ट्रीय राजधानी में एक्टिव हैं। इस सूचना के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उन इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन पुलिस को अब तक कोई भी आपत्तिजनक पोस्टर या सामग्री नहीं मिली है। इसे पन्नू की केवल मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश माना जा रहा है।

**कार्यालय अधीक्षक**
**कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत, भोपाल**
E-mail id : supdtknhgrbpl@gmail.com, Ph. No. : 0755-2731261

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित निविदायें कार्यालय कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत, भोपाल से निविदा जारी करने का दिनांक 27.01.2026 से 16.02.2026 में जारी की जावेगी।

1. कम्प्यूटर सिस्टम, कम्प्यूटर प्रिन्टर एवं यू.पी.एस.
2. इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर एवं 5 के.वी.ए. यू.पी.एस.

सभी **Prospective bidders** भारत सरकार का उपक्रम जेम पोर्टल की वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर विजिट कर निविदाओं में भाग लेवें।

म.प्र. माध्यम/124133/2026 — **चिकित्सा अधीक्षक**

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online percentage rate tender is invited for the following work from contractor fulfilling registration Criteria:-

| S. No. | SYSTEM E-TENDER No. | NAME OF WORK | PROBABLE AMOUNT OF CONTRACT & EMD & COST OF TENDER FORM (I/C GST) & COMPLETION PERIOD | START DATE OF PURCHASE & LAST Dt. SUBMISSION OF BIDS | DATE OF OPENING OF TENDERS ENVELOP A & C |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ MPHID_ 465027_2 (2nd Call) | SUPPLYING FURNITURE/ EQUIPMENT UNDER NATIONAL AYUSH MISSION FOR NEWLY CONSTRUCTED AYUSH WING AT VARIOUS 20 No. LOCATION IN M.P. | Rs. 64,77,000 & Rs. 65,000/- & Rs. 5,900/- & 02 Month (i/c rainy season) | Dt. 24.01.2026 10:30 AM TO 02.02.2026 at 15:00 Hrs. | ENVELOP- A & C 03.02.2026 15:00 Hrs. |

**Note :** Full details of the above tenders can be seen on **www.mptenders.gov.in.** Amendments to NIT, if any shall be published on website only.

**Visit us : www.mphousing.in**
M.P. Madhyam/124142/2026
/mphidb
/mphidb
**(T.S. TIRKIY, E.E.)**
**Div.1, Bhopal (M.P.)**
**Telephone : 0755-4508541**

दैनिक जागरण वर्गीकृत




**अण्डा**

BHOPAL EGG RATE 500/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

**सलाह**

'पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

**बेचना**

न्यू मार्केट की प्राइम लोकेशन पर सी.व्ही.डी. प्रोजेक्ट (गेमन इंडिया) में नव निर्मित 3 BHK फ्लेट, 1540 sqft सुपर बिल्टअप एरिया, टावर A, 9th फ्लोर पर, स्वयं की पार्किंग, तुरंत बेचना वास्तविक खरीददार ही सम्पर्क करें : 9131839589 (29-1)

### खंडवा में अब स्कूल नहीं बताएंगे कहां से खरीदें किताबें

**जागरण, खंडवा।** जिले के किसी भी निजी स्कूल में विद्यार्थियों को किताबें, यूनिफॉर्म, जूते, टाई या स्टेशनरी सामग्री किसी एक ही दुकान से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा। स्कूलों, प्रकाशकों और विक्रेताओं की एकाधिकार प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।


### रतलाम में मिला जीबीएस का मरीज, इंदौर में चल रहा इलाज

**जागरण, रतलाम।** शहर के वार्ड नंबर 13 के सखवाल नगर में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के संदिग्ध मरीज की जानकारी मिली है। नाबालिग मरीज इंदौर में उपचारत है। मरीज की जानकारी मिलने के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वे टीम का गठन किया गया। टीम ने संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर सर्वे किया। लोगों को सावधानी बरतते हुए किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर जांच कराने के लिए कहा है।






### "ट्वीट ऑफ द डे"



डॉ. वीरेंद्र कुमार
केंद्रीय मंत्री

माता-पिता बच्चे के जीवन में पहले और सबसे प्रभावशाली थेरेपिस्ट होते हैं और जब वे सही ज्ञान और समर्थन से सशक्त होते हैं, तो विकासात्मक देरी से पीड़ित कोई भी बच्चा कभी पीछें नहीं रहेगा। प्रारंभिक बाल्यावस्था हस्तक्षेप केवल एक सेवा नहीं है, बल्कि प्रत्येक बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने की एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। जीवन के पहले छह वर्ष मस्तिष्क के विकास तथा स्वास्थ्य, सीखने और सामाजिक सहभागिता से जुड़े आजीवन परिणामों के लिए निर्णायक होते हैं।

# जेपी में घोटाला: बिस्तर 250, भुगतान 400 बेड का किया

**काटजू में शिफ्ट हुए हैं जेपी अस्पताल के 150 बिस्तर, मेडिकल वेस्ट का काम करने वाली एजेंसी को 16 लाख से अधिक का फर्जी भुगतान**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** जयप्रकाश अस्पताल में सफाई घोटाला उजागर हुआ है। प्रबंधन की मिली भगत से मेडिकल वेस्ट का काम करने वाली एजेंसी को 16 लाख रुपए से अधिक का फर्जी भुगतान किया गया है। मामला सामने आने के बाद जहां एक ओर प्रबंधन चुप है, वहीं सीएमएचओ ने जांच की बात कही है। जानकारी अनुसार जिला अस्पताल जेपी में पहले 400 बिस्तर थे लेकिन 2023 में काटजू अस्पताल शुरू होने पर यहां से 150 बिस्तर शिफ्ट कर दिए गए थे। तब से जेपी अस्पताल में केवल 250 बिस्तर ही शेष रह गए। इसके बावजूद मेडिकल वेस्ट का निस्तारण करने वाली एजेंसी 250 की जगह 400 बिस्तरों के हिसाब से ही शुल्क ले रही है।



#### तीन साल से किया जा रहा भुगतान

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार मेडिकल वेस्ट निस्तारण के नाम पर जेपी अस्पताल में प्रति बिस्तर 10 प्रतिदिन का भुगतान तय है। इस तरह 150 बिस्तरों के आधार पर प्रतिदिन 1,500 का भुगतान किया गया। इस हिसाब से तीन साल में यह राशी करीब 16.42 लाख तक पहुंच गई। बड़ी बात यह है कि इधर काटजू अस्पताल में भी 150 बिस्तरों के हिसाब से मेडिकल वेस्ट निस्तारण का भुगातान किया जा रहा है। जेपी अस्पताल में पिछले तीन साल से निरंतर भुगतान किया गया, लेकिन किसी ने इसे नहीं रोका।

#### ऐसे समझिए घोटाले को

| | | | |
|---|---|---|---|
| 250 | 400 | 150 | 1500 |
| वर्तमान में बिस्तर | बिस्तरों का भुगतान किया गया | अतिरिक्त बिस्तर | प्रतिदिन अतिरिक्त भुगतान |

**16.42 लाख: 3 साल में कुल भुगतान**

#### अनुबंध में नहीं किया संशोधन

जेपी अस्पताल में मेडिकल वेस्ट निपटारे का अनुबंध इंडिया वेस्ट मैनेजमेंट प्रालि से किया गया है। जो कि टेंडर के माध्यम से हुआ था। इस कंपनी से अनुबंध के समय जेपी अस्पताल में 400 बिस्तर थे। ऐसे में 2023 में बिस्तरों की संख्या कम होने पर स्वास्थ्य विभाग और कंपनी दोनों को अनुबंध और भुगतान व्यवस्था में संशोधन करना था। लेकिन कंपनी फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा नहीं किया गया। मामले में जेपी अस्पताल के वर्तमान अधीक्षक डॉ. संजय जैन से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल बंद था।

#### सिविल सर्जन और सीएमएचओ ने नहीं दिया ध्यान

जेपी अस्पताल में मेडिकल वेस्ट सहित सभी प्रकार का भुगतान सिविल सर्जन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की देखरेख में होगा है। बीते तीन साल में यहां चार अधिकारी रहे, लेकिन किसी ने इस फर्जीवाड़े पर ध्यान नहीं दिया। जेपी अस्पताल के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव, वर्तमान सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन, पूर्व सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी के साथ वर्तमान सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा में से किसी ने भी इस घोटाले पर ध्यान नहीं दिया।

"मैं अब सेवानिवृत्त हो चुका हूं, इस बारे में कुछ नहीं बोल सकता। अब अस्पताल के किसी भी मामले में वर्तमान सिविल सर्जन ही जिम्मेदार हैं।
■ डॉ. राकेश श्रीवास्तव, पूर्व सिविल सर्जन

"मैंने कुछ समय पहले ही पदभार लिया है। इस बारे में जानकारी नहीं है। आपने बताया है तो मैं इस मामले को दिखवाता हूं। यदि गड़बड़ी है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
■ डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ

## संक्षिप्त खबरें

### महिला की शिकायत पर बीजेपी नेता गिरफ्तार

**जागरण, इंदौर।** शहर में एक बीजेपी नेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने भाजपा नेता पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।



एक महिला की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक, वर्षा नामक फरियादी महिला ने शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि गोल्डी राठौड़ निवासी शिक्षक नगर ने एक विक्रय अनुबंध प्लाट बताया था। इस पर पीड़िता ने विश्वास कर लिया था। मामले में 64 लाख का प्लाट खरीदने को लेकर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन किए गए। जिसमें कुल 8 लाख 46 हजार की राशि ट्रांजेक्शन की गई थी। प्लाट रजिस्ट्री की जब बारी आई तो गोल्डी राठौड़ रजिस्ट्री नहीं करा रहा था। इसके बाद फरियादी महिला लसुड़िया थाना पहुंचीं और शिकायत की। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए गोल्डी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल उससे विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गोल्डी भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित संगठन से जुड़ा हुआ है। वहीं इंदौर डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन बुकिंग न करें और ऑनलाइन फाइल डाउनलोड न करें।

### महिला गार्ड की हत्या से फैली सनसनी, कमरे में मिला शव

**जागरण, इंदौर।** शहर में एक महिला गार्ड की हत्या से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत होने की शंका पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है। दरअसल इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र के नंदबाग इलाके में शुक्रवार सुबह महिला गार्ड की हत्या की सनसनीखेज वारदात हुई। गायत्री कुर्मी नामक महिला का शव घर के कमरे में मिला। वह पति से अलग रहकर हाउस कीपिंग की नौकरी करती थी और सुबह टीसीएस में ड्यूटी जाती थी। ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर इंचार्ज ने घर जाकर देखा तब घटना का खुलासा हुआ। प्रारंभिक जांच में गला घोंटकर हत्या करने की संभावना है।



### कफ सीरप मामले में सुरक्षित किया आदेश

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने प्रदेश के बहुचर्चित जहरीले कफ सीरप 24 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपित डा. प्रवीण के अलावा उनकी पत्नी च्योति सोनी, सौरभी जैन और राजेश सोनी की जामनत अर्जियों पर सुनवाई पूरी कर ली। इसी के साथ आदेश सुरक्षित कर लिया। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सीरप से 22 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हुई थी। छिंदवाड़ा में अधिकतर को डा. प्रवीण सोनी ने ही वह कफ सीरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवा ?ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कफ सीरप की निर्माण कंपनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डा. प्रवीण सोनी व अन्य के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफतार किया था।

# आनंदपुर ट्रस्ट को कांग्रेस नेता ने बताया डेरा सच्चा सौदा पार्ट-2, डीजीपी से एक्शन की मांग

**कार्रवाई न होने पर लेंगे हाईकोर्ट की शरण, आश्रम में सीक्रेट चैंबर और देह शोशण के लगाए आरोप**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा को आनंदपुर धाम ट्रस्ट के खिलाफ 80 पेज का शिकायती पत्र भेजा है। इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आश्रम के भीतर गंभीर अवैध गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इस शिकायत में दावा किया गया है कि अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के न केवल अवैध गुप्त तहखाने बनाए गए हैं, बल्कि यह भी आशंका जताई गई है कि इन तहखानों का उपयोग अवैध गतिविधियों और लोगों को छिपाने के लिए किया जा रहा था। कांग्रेस नेता का आरोप है कि यदि निश्पक्ष ढंग से जांच की जाएगी तो यहां डेरा सच्चा सौदा के पार्ट-2 का खुलासा हो जाएगा।



#### मानव तस्करी, शोशण और देह व्यापार के भी आरोप

इस पत्र में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाए हैं कि ट्रस्ट से जुड़े लोगों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के पंजाब और कर्नाटक जैसे राच्यों में भेजा गया है। इससे मानव तस्करी की भी संभावना है। प्रदीप अहिरवार ने पीड़ितों के बयान और वीडियो सबूतों को आधार बनाते हुए आनंदपुर धाम में शारीरिक शोषण किए जाने के आरोपों की भी निश्पक्ष जांच की मांग उठाई है। चार दिन पहले अहिरवार ने भोपाल में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वीडियो जारी कर आनंदपुर धाम में संगठित देह व्यापार और अश्लील वीडियो बनाए जाने के आरोप भी लगाते हुए मामले की निश्पक्ष जांच की मांग उठाई थी।

#### मिलीभगत और धन के दुरुपयोग का भी आरोप

इस शिकायत में दावा किया गया है कि ट्रस्ट की सालाना कमाई लगभग 800 करोड़ रुपए है, लेकिन इसका कोई आधिकारिक हिसाब-किताब नहीं है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रदेश कैडर के ही कुछ वरिष्ठ आईएएश अधिकारी भी ट्रस्ट के मनी ट्रांजेक्शन के कारोबार में शामिल हैं और वे इसी जरिए अपने काले धन को सफेद करने में मदद कर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि उनके रसूख के कारण भी स्थानीय स्तर पर की गई कई शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की गई। अपने पत्र के साथ अहिरवार ने डीजीपी को ईसागढ़ थाने में दर्ज आपराधिक मामलों का ब्योरा भी दिया है। इसमें महात्माओं के चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट और पूर्व में कलेक्टर एवं प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी गई शिकायतों की प्रतियां भी संलग्न की गई हैं।

# 18 साल बाद होगी होमगार्ड की भर्ती 5020 पद भरने भेजा गया प्रस्ताव

**सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने मिलेंगे नगर सैनिक**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार करीब 18 साल के बाद होमगार्ड की भर्ती करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए होमगार्ड मुख्यालय ने गृह विभाग को कुल 5020 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव भेजा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हाल ही में घोषणा की थी कि 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए 5,000 नए होमगार्ड्स की भर्ती की जाएगी। इससे पहले होमगार्ड की भर्ती साल 2008 में हुई थी। तब से अब तक कई बार मांग उठने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी।



#### इस बार नई प्रक्रिया से होगी भर्ती


इस बार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेंगे। पहले भर्ती केवल शारीरिक दक्षता और मंडल मुख्यालय स्तर पर होती थी, लेकिन अब कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) के जरिए पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को अगले चरण यानी फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद होमगार्ड की चयन सूची जारी की जाएगी।

#### भर्ती के बाद भी खाली रहेंगे तीन हजार पद

5020 पदों पर भर्ती हो रही है, लेकिन होमगार्ड्स की कमी पूरी तरह खत्म नहीं होगी। फिलहाल प्रदेश में होमगार्ड आरक्षकों के लिए कुल स्वीकृत पद 16500 हैं। इनमें से केवल 8500 आरक्षक पद ही भरे हुए हैं। ऐसे में नई भर्ती के बाद 5 हजार पदों पर आरक्षक मिलने के बाद भी होमगार्ड आरक्षकों के लगभग 3 हजार पद खाली रह जाएंगे। गौरतलब है कि होमगार्ड के जवानों को कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने के साथ ही थानों में भी पुलिस के सहयोग के लिए तैनात किया जाता है।

# पन्ना में 12 साल के बच्चे पर तेंदुए का हमला, मौत

**जागरण, पन्ना।** प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र अंतर्गत जारधोबा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। यहां तेंदुए के हमले में 12 वर्षीय एक आदिवासी बालक की मौत हो गई। घटना के अनुसार, बालक अपने माता-पिता के साथ खेत में था। माता-पिता खेत की रखवाली कर रहे थे, जबकि दादा की झोपड़ी कुछ दूरी पर थी। बच्चा दादा को खाना देने के लिए झोपड़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में छिपे तेंदुए ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। तेंदुए ने बच्चे को उठाकर पास के पेड़ पर ले जाकर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों को जब बच्चे के न मिलने की सूचना मिली, तो खोजबीन शुरू हुई। पेड़ के नीचे क्षत-विक्षत हालत में शव मिला, जिससे पूरे गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल पसरा हुआ है। पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम को सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची।



- क्षत-विक्षत शव देख सहमे ग्रामीण
- दबोच कर पेड़ में चढ़ा और सिर धड़ से किया अलग, गांव में दहशत

### जहांगीराबाद में गलत टिप्पणी पर विवाद थाने का हुआ घेराव

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जहांगीराबाद इलाके में शुक्रवार देर रात एक समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा हंगामा किया गया। सभी लोग सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी को लेकर विरोध में थाने में जमा हुए और एफआईआर करने की मांग करने लगे। देर तक तक एफआईआर नहीं लिखी गई थी। विश्व हिंदू परिषद/बजरंग दल के जुड़े किसी नेता द्वारा सोशल मीडिया पर विशेष समुदाय के ईश्वर के प्रति गलत शब्दों का उपयोग कर पोस्ट की गई, जिसे लेकर रात 11 बजे जहांगीराबाद थाने में सैकड़ों लोग जमा हो गए। ये सभी एफआईआर की मांग कर रहे थे। पुलिस प्रशासन को सूचना मिली, तो आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइए दी। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। खबर लिखे जाने तक थाने के सामने 400-500 लोग जमा होकर हंगामा करते रहे।

# डेयरी के नाम पर 68 लाख का लोन हड़पा

**बैंक से धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों पर एफआईआर**

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जबलपुर यूनिट ने ऐसे शातिर जालसाज गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसने बैंक से डेयरी लगाने के नाम पर लाखों का लोन लेकर मशीनरी सप्लायर के साथ मिलकर पूरी राशि हड़प ली। मामला नरसिंहपुर जिले की पंजाब नेशनल बैंक की तेंदूखेड़ा ब्रांच का है। यहां शुद्धि मिल्क प्रोडक्ट के प्रोप्राइटर हेमराज किरार और कानपुर के मशीनरी सप्लायर सोनी सिंह के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस मामले में डेरी संचालक और मशीनरी सप्लायर ने मिलकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की है क्योंकि सप्लायर ने बैंक द्वारा भेजी गई रकम के बाद मशीनरी न भेजकर इस रकम में से 7 लाख रुपए कमीशन लेकर शेष रकम डेरी संचालक को सौंप दी।



#### कागजों पर मशीनें, खाते में वापस आया पैसा

जांच में खुलासा हुआ कि हेमराज ने नरसिंहपुर में मिल्क प्रोडक्ट यूनिट लगाने के लिए बैंक को करीब 97 लाख रुपए का कोटेशन लोन हेतु दिया था। बैंक ने हेमराज पर भरोसा कर इस लोन के लिए 68.60 लाख का ऋण मंजूर कर सप्लायर हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के खाते में 68.60 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन खेल यहीं से शुरू हुआ। सप्लायर सोनी सिंह ने मशीनों की डिलीवरी देने के बजाय इसमें से लगभग 61.50 लाख रुपए वापस हेमराज के एक्सिस बैंक खाते में भेज दिए।

#### निरीक्षण में खुली पोल, जहां बताई डेरी वहां पड़ा था कबाड़

आरोपी ने इस मामले में बैंक को गुमराह करने के लिए बताया कि उसने नरसिंहपुर के बिलथारी के बजाय कटनी में जुहला बायपास इलाके में किराए के हॉल में अपनी यूनिट लगा ली है। जब बैंक अधिकारियों ने मौके पर जाकर देखा तो वहां सन्नाटा पसरा था। छह सेक्शन की मशीनरी की जगह सिर्फ कबाड़ रखा हुआ था और यूनिट पूरी तरह बंद थी। इसके बाद बैंक ने डेरी संचालक और मशीनरी सप्लायर को लोन की रकम जमा कराने को कहा तो दोनों ने अलग-अलग बहाने बनाए। इसके बाद बैंक की शाखा ने ईओडब्ल्यू की जबलपुर यूनिट को शिकायत की। लगभग दो माह की पड़ताल के बाद ईओडब्ल्यू ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

**प्रक्रिया** 27 जनवरी तक होगी सभी जानवरों की शिफ्टिंग, निगरानी के बाद होंगे आजाद

# नस्ल सुधार के तहत बीटीआर में पहुंचने लगे 27 बायसन

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** इंडियन बायसन (भारतीय गौर) के नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बायसन पहुंचना शुरू हो गए हैं। पूर्व निर्धारित योजना के तहत बीटीआर में 50 बायसन भेजे जाने हैं, जिसमें से 23 बायसन पहले ही स्थानांतरित किए जा चुके हैं। बाकि के 27 बायसन एसटीआर प्रबंधन द्वारा भेजना शुरू कर दिए गए हैं। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इन सभी बायसन की शिफ्टिंग 21 से 27 जनवरी तक पूरी कर दी जाएगी। बता दें कि यह कार्यक्रम बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शाकाहारी वन्य प्राणियों की संख्या बढ़ाने, जंगल की खाद्य श्रृंखला को बेहतर करने और पारिस्थितिक संतुलन व जैव विविधता को सुधारने के लिए इस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया है। वर्तमान में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 200 से ज्यादा बायसन मौजूद हैं। इन सभी बायसन के पहुंचने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 250 से ज्यादा हो जाएगी। एक ही मां या नजदीकी रिश्तेदारों से पैदा हुए बायसन के बच्चे यदि बड़े होकर आपस में मेटिंग कर संतान पैदा करते हैं, तो होने वाली संतान में कई तरह की बीमारियां या जन्मजात विकृतियां होने की संभावना होती है। इस समस्या से बचने के लिए नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत दूर दराज से वन्य प्राणियों को लाकर मेटिंग कराई जाती है।



#### कल्लवाह एनक्लोजर में दी गई है जगह

इन सभी बायसन को कल्लवाह एनक्लोजर में रखा गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार शिफ्टिंग के लिए सबसे स्वस्थ बायसन ही चुने जाते हैं। कुछ दिन तक इनकी निगरानी के बाद इन्हें जंगल में छोड़ दिया जाएगा। कल्लवाह एनक्लोजर 20 हेक्टेयर में फैला है। यहां बायसन की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सुरक्षाकर्मी और एक वाहन तैनात किया गया है। एनक्लोजर को 8 फीट ऊंची जाली से कवर किया गया है, ताकि अन्य कोई वन्य प्राणी वहां तक न पहुंच सके।

# स्मृति की दोस्त ने शादी टूटने की असली वजह का किया खुलासा

**आरोप: लड़की के साथ रंगे हाथ पकड़े गए थे पलाश**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी नवंबर 2025 में होने वाली थी, लेकिन यह रिश्ता अचानक टूट गया।

दोनों ने दिसंबर में सोशल मीडिया पर बयान जारी कर शादी रद्द होने का ऐलान किया था और निजी जीवन में गोपनीयता की अपील की थी। अब इस मामले में नया मोड़ आया है, स्मृति के बचपन के दोस्त विद्यान माने ने पलाश मुच्छल पर गंभीर आरोप लगाए हैं और शादी टूटने की वजह बताई है। विद्यान माने के मुताबिक पलाश महिला के साथ बिस्तर पर रंगे हाथों पकड़े गये थे। इस घटना के बाद स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई और भारतीय महिला क्रिकेटरों ने कथित तौर पर पलाश की पिटाई भी कर दी। इसके बाद ये रिश्ता टूट गया। एक अखबार के मुताबिक विद्यान माने ने कहा, 'मैं शादी समारोह में मौजूद थी जब वह दूसरी महिला के साथ बिस्तर पर रंगे हाथों पकड़े गए थे। पूरा परिवार ही चोर है।

मैंने सोचा था कि वह शादी करके सांगली में बस जाएंगे, लेकिन यह सब मेरे लिए उलटा पड़ गया।' विद्यान माने ने पलाश पर धोखाधड़ी और पैसों के हेरफेर जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने दावा किया है कि पलाश ने उनसे फिल्म के नाम पर लाखों रुपए लिए, लेकिन न तो फिल्म बनी और न ही पैसे वापस किए गए।


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।